हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


तापमान

अधिकतम 36.5 डिग्री

न्यूनतम 20.4 डिग्री


14 धमधा की प्राचीन धरोहरों को बचाने दिखा सामूहिक ...





15 भिलाई-दुर्ग निगम में बजट पेश, रिसाली निगम में अब तक ...




## कभी गणित में मिले थे सिर्फ 38 अंक, कड़ी मेहनत से गेट में हासिल किया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई के छात्र आशीष कुमार ने देश की प्रतिष्ठित परीक्षा जनरल एप्टीट्यूड (गेट) में ऑल इंडिया रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। आशीष ने अपनी मेहनत से यह साबित कर दिया है कि यदि इंशान के अंदर कुछ करने की चाह और हौसला हो तो वो किसी भी मंजिल को पार कर सकता है।

आशीष बताते हैं कि कक्षा दसवीं की परीक्षा में गणित विषय में उन्हें मात्र 38 अंक मिले थे। इसके बाद उन्होंने गेट क्लीयर करने का संकल्प लिया और ऑल इंडिया

### झेलने पड़े थे ताने

आशीष ने बताया कि उनकी स्कूलिंग के दौरान गणित सबसे कठिन लगता था। जिस स्कूल में पढ़ते थे वहां उनके पिता शिक्षक थे। 10वीं में गणित में मात्र 38 अंक आए तो उनको काफी ताने झेलने पड़े। इसके बाद उन्होंने अपने पिता से अच्छा करने का वादा किया और गणित विषय को अपनी ताकत बनाया। उन्होंने पढ़ाई का तरीका बदला, बुनियादी बातों को समझने पर ध्यान दिया और लगातार अभ्यास को अपनी आदत बनाया। उनकी सफलता में उनकी माता और पिता का पूरा सहयोग और आशीर्वाद मिला। टीचर्स फैकेल्टी ने भी उनकी मेहनत में साथ दिया।



### अब यूपीएससी है अगला लक्ष्य

आशीष ने बताया कि अब उनका नया लक्ष्य संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर प्रशासनिक सेवा में जाना है। इसके लिए अभी से घर में रहते हुए तैयारी शुरू कर दी है। वह बिना कोचिंग के यूपीएससी की तैयारी कर रहे हैं। आशीष ने बताया कि जब किसी छात्र को कम अंक मिलते हैं या फिर असफलता हाथ लगती है तो वे तैयारी छोड़ देते हैं। यह सबसे गलत निर्णय होता है। वास्तव में, किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत और खुद पद भरोसा होना सबसे जरूरी है। हर किसी के लिए कोई न कोई विषय कठिन होता है, लेकिन यदि हम उसी में महारत हासिल कर लें तो सफलता दूर नहीं होती।

रैंक-2 हासिल कर भिलाई ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। इससे पहले गेट में आशीष को एआईआर-51 रैंक मिली थी, इसके बाद उसने आईआईटी बॉम्बे से ड्रॉप आउट लेकर फिर से मेहनत की और इस बार टॉप-10 में जगह बनाई। आशीष रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज (आर-1) में कंप्यूटर साइंस का छात्र है। सबसे अहम यह कि आशीष हिंदी मीडियम का छात्र है, जिसने अंग्रेजी की बाध्यता को खुद पर हावी नहीं होने दिया। अंग्रेजी के लिए खुद को तैयार किया। अब इस रैंकिंग से आशीष देश की किसी भी नव रत्न कंपनी में सीधे नौकरी का अवसर हासिल कर सकेगा।

नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि। सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

मनमानी | सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे नियुक्तियों को रद्द करने दिए हैं आदेश

## डीपीएस रिसाली में 17 शिक्षकों की भर्ती नियमों के खिलाफ, बीएड उत्तीर्ण प्राइमरी और मिडिल के टीचर

देवीलाल साहू ⏭भिलाई

हरिभूमि खुलासा

डीपीएस रिसाली में 17 शिक्षकों की भर्ती नियम के विपरीत कर दी गई है। स्थिति यह है कि बीएड उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्राइमरी और मिडिल स्कूल के लिए नियुक्ति दे दी गई है।

जबकि प्राइमरी और मिडिल स्कूल के लिए शासन ने डीएलएड डिप्लोमाधारी को पात्रता दी है बीएड को नहीं। यही नहीं छह नियुक्ति शिक्षक भर्ती में ऐसे की गई है जो अध्यापक पात्रता परीक्षा यानी टीईटी या सीटीईटी उत्तीर्ण नहीं की है उनकी भी भर्ती कर ली गई है। खास बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ प्रदेशभर में हुई शिक्षक नियुक्तियों को रद्द करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के परिपालन में छत्तीसगढ़ सरकार ने बीएड उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में की गई नियुक्तियों को रद्द कर चुकी है। उनकी जगह अब डीएलएड डिप्लोमाधारी पात्रता में है। इस आदेश का पालन डीपीएस रिसाली प्रबंधन ने नहीं की है।



### 18 शिक्षकों की भर्ती जिसमें एक ही पात्र

प्राचार्य दिल्ली पब्लिक स्कूल के द्वारा शिक्षा सत्र 2025-2026 अध्यापक भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया था। कुल 18 पदों पर प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के लिए शिक्षकों की भर्ती की गई। जिसमें से 17 अभ्यर्थी बीएड डिग्री वाले थे। नियमानुसार इस पूरे 17 शिक्षकों की नियुक्ति अवैध हो गई है। केवल एक अभ्यर्थी ही डीएलएड है जो पात्रता के दायरे में है। इसके अलावा छह नियुक्त शिक्षकों ने अध्यापक पात्रता परीक्षा भी उत्तीर्ण नहीं की है। इस तरह नियमों को दरकिनार कर सांठगांठ कर भर्ती कर दी गई।

### डीपीएस प्रबंधन ने मनमाने ढ़ग से की भर्ती

शिक्षक भर्ती में डीपीएस प्रबंधन ने अपनी मनमानी की। अभ्यर्थी जिन्होंने बीएड की डिग्री प्राप्त की है उन्हें विद्यालय प्राथमिक तथा प्राथमिक खंड के अध्यापक भर्ती के लिए आवेदन की अनुमति दी। अभ्यर्थीयों को जिन्होंने बीएड की डिग्री प्राप्त की है और छह महीने का ब्रिज कोर्स किया है उन्हें भी आवेदन करने की अनुमति दी। अभ्यर्थी जिन्होंने अध्यापक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है उन आवेदन करने की अनुमति दी है। जारी विज्ञापन में दी गई शिथिलता पूर्णतया कानून अवैध है।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया है यह आदेश

सुप्रीम कोर्ट के द्वारा सिविल वाद क्रमांक 5068/2023 देवेश शर्मा बनाम भारत संघ में 11.08.2023 को दिए गए आदेश में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के अधिसूचना 28 जून 2018 के संशोधित प्रावधान को रद्द कर दिया गया था। जिसमें बीएड डिग्रीधारी अभ्यर्थी को पूर्व प्राथमिक तथा प्राथमिक शिक्षा के लिए पात्रता प्रदान की थी। उन्हें छ माह का सेतु पाठ्यक्रम करने का निर्देश दिया गया था, यानि सुप्रीम कोर्ट के आदेश 11/08/2023 के बाद बीएड डिग्री का अभ्यर्थी पूर्व प्राथमिक तथा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा प्रदान करने के लिए पात्र नहीं है। जिन बीएड डिग्रीधारी अध्यापकों की नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यापक परिषद् के 28.06.2018 के संशोधित अधिसूचना के बाद हुई है, उन्हें छह माह का सेतु पाठ्यक्रम करने की अनुमति प्रदान की गई थी। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के 23 अगस्त 2010 के अधिसूचना के अनुसार पूर्व प्राथमिक तथा प्राथमिक विद्यालय में नियुक्ति हेतु अध्यापक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है।

### शासन के इस नियम से बंधे हैं डीपीएस प्रबंधन

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम अंतर्गत भिलाई इस्पात संयंत्र के नियंत्रणधीन स्टील एजुकेशन सोसायटी को छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा डीपीएस रिसाली भिलाई के संचालन की अनुमति प्रदान की है। यह विद्यालय दसवी एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा हेतु केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबंदधता प्राप्त है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल के संबंदधता नियम में विद्यालय में कार्यरत अध्यापक तथा कर्मचारियों के लिए नियम परिभाषित किया गया है। मसलन विद्यालयों को विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों की भर्ती के लिए एक सुसंगठित पद्धति तैयार करनी चाहिए और उसका पालन करना चाहिए । कर्मचारियों की भर्ती से सम्बंधित सभी क्रियाकलापों के सम्बन्ध में मार्गदर्शी नियम है कि विद्यालय के पास समुचित सरकार के भर्ती नियमों के अनुसार कर्मचारियों के लिये सुपरिपषित भर्ती नियम होंगे। अध्यापन एवं गैर अध्यापन कर्मचारियों को समुचित सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमानों एवं भत्तो पर नियुक्त किया जाना चाहिए ।

### स्टील एजुकेशन सोसायटी से लिखित शिकायत

डीपीएस में नियम विरुद्ध हुए शिक्षक भर्ती को रद्द करने की एक लिखित शिकायत पूर्ण दस्तावेज के साथ स्टील एजुकेशन सोसायटी अध्यक्ष व अधिशासी निदेशक कार्मिक पवन कुमार से की गई है। शिकायतकर्ता सीवी भगवंत राव ने कहा है कि डीपीएस द्वारा जारी वर्ष 2025-26 की अध्यापक भर्ती विज्ञापन निरस्त किया जाए और शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए तथा समुचित सरकार के अध्यापक भर्ती नियम का अनुसरण करते हुए विज्ञापन को फिर से जारी करवाएं।

### मामले की परीक्षण करवाएंगे



प्रायमरी व मिडिल स्कूलों के लिए बीएड उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्रता नहीं रखते। डीपीएस रिसाली में इस तरह की भर्ती की जानकारी संज्ञान में नहीं आया है। यदि ऐसा हुआ है तो मामले का परीक्षण करवाएंगे। -**अरविंद मिश्रा,** जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

## गैस एजेंसी में तैनात बाउंसरों ने उपभोक्ताओं से की मारपीट

खुर्सीपार थाना पुलिस ने तीन युवकों पर की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में गैस की किल्लत का आलम यह है कि अब गैस एजेंसियां ग्राहकों को कंट्रोल करने के लिए बाउंसरों की तैनाती कर रही हैं। अब ये बाउंसर भीड़ को कंट्रोल करने की जगह उनके साथ मारपीट कर रहे हैं। ऐसा ही मामला खुर्सीपार स्थित शताक्षी गैस एजेंसी में हुआ। यहां सिलेंडर के लिए लगी लोगों की लंबी लाईन को नियंत्रण करने के लिए तैनात किए गए बाउंसरों ने उनसे मारपीट शुरू कर दी। बाद मामला बढ़ा और खुर्सीपार थाने पहुंचा तो पुलिस ने तीन बाउंसरों के खिलाफ धारा 135(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई की।

संतोष कुमार बैठा (32 वर्ष) निवासी दुर्गा मंदिर खुर्सीपार ने खुर्सीपार थाने में शिकायत की है कि वो गैस सिलेंडर लेने के लिए शताक्षी गैस एजेंसी के बाहर लाइन में खड़ा था। इसी दौरान एजेंसी में तैनात बाउंसर उससे विवाद करने लगे। उन्होंने उसके साथ धक्का-मुक्की कर मारपीट भी की। खुर्सीपार पुलिस ने तत्काल तीनों बाउंसर हरिओम चौधरी हथखोज, विकास सिंह खुर्सीपार और विक्की विश्वकर्मा कैम्प-1 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की।

### लोगों में इसको लेकर आक्रोश

इस घटना के बाद अब लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। वहां कई लोगों ने इस घटना का विरोध किया। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन गैस की किल्लत ना होनी के बड़े बड़े दावे कर रहा है। इसलिए सभी गैस एजेंसी को पहले तो घर पहुंच गैस सेवा देनी चाहिए। ऐसा नहीं हो तो उन्हें गोडाउन में आसानी से गैस मिल जानी चाहिए। इस तरह बाउंसर रखकर ग्राहकों गैस नहीं देने और बैक डोर से उनके हक के सिलेंडर की कालाबाजारी पूरी तरह से गलत है। लोगों ने ऐसी गैस एजेंसी का लाइसेंस रद्द करने की मांग की है।






खबर संक्षेप

### रेलवे फाटक के पास से बाइक चोरी, जुर्म दर्ज



**भिलाई।** नेहरू नगर रेलवे फाटक के पास से बाइक चोरी का मामला सामने आया है। भिलाई नगर पुलिस ने धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार रेलवे में ट्रेड मेन के पद पर कार्यरत महावीर ठाकुर उम्र 40 साल ने पुलिस को बताया कि वे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 07 बीव्ही 3179 को दोपहर लगभग 30 बजे नेहरु नगर फाटक के पास लगा कर चला गया था। ड्यूटी से वापस आने पर बाइक गायब था।

## दो महिलाओं से ठगी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई/धमधा

दिव्यांग व आवास योजना की राशि दिलाने का झांसा

विकलांगता और आवास योजना की राशि दिलाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। एक अज्ञात महिला दो महिलाओं को दुर्ग न्यायालय ले जाकर उनसे नकदी और जेवर लेकर फरार हो गई। शिकायत पर धमधा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिरझापुर निवासी सागर साहू ने पुलिस को बताया कि 25 मार्च को एक अज्ञात महिला उनके घर पहुंची। उसने खुद को गोदावरी बताते हुए कहा कि उनके पिता शत्रुघ्न साहू के नाम से 5 लाख रुपए की विकलांगता राशि और गांव की जमुना बाई के लिए 48 हजार रुपए की आवास योजना की राशि स्वीकृत हुई है। महिला ने रकम दिलाने के बहाने सागर साहू की मां चंद्रकला बाई और जमुना बाई को अपने साथ दुर्ग ले गई। दोनों को बस से दुर्ग बस स्टैंड पहुंचाकर ऑटो से न्यायालय परिसर ले जाया गया, जहां मंदिर के पास बैठाकर महिला ने अधिकारियों को देने के नाम पर चंद्रकला बाई से 2500 रुपए और जमुना बाई से 2000 रुपए ले लिए। कुछ देर बाद वापस आकर आरोपी महिला ने और पैसे की मांग की और कहा कि जेवर पहनकर जाने से राशि नहीं मिलेगी। इसके बाद उसने जमुना बाई के कान की सोने की बाली और गले का मंगलसूत्र उतरवाकर अपने पास रख लिया और फिर मौके से फरार हो गई। मामले की शिकायत मिलने पर धमधा थाना पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## रेलवे कर्मचारी से लूट, मोबाइल नकदी व दस्तावेज लेकर भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अज्ञात युवकों ने रेलवे कर्मचारी का रास्त रोक कर उनके पास रखे मोबाइल, नकदी सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज लूटकर फरार हो गए। प्रार्थी की शिकायत पर खुर्सीपार थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 304 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार रेलवे विभाग में ट्रेन मैनेजर के पद पर बीएमवाय लाबी चरोदा में कार्यरत ए नारायण राव उम्र 56 साल पिता स्व. ए गणेश राव ने पुलिस को शिकायत

### अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज

में बताया कि 26 मार्च की रात में करीब 1.30 बजे अपने घर हरिनगर कल्पना कातुलबोर्ड दुर्ग से एक्टिवा क्रमांक सीजी 07 बीएच 6291 से ड्यूटी पर बीएमवाय चरोदा जाने के लिए निकले थे। रात्रि करीब 1.45 बजे तेलहा नाला खुर्सीपार के पास पहुंचे थे कि तभी अज्ञात दो लड़को ने रूकने का ईशारा किया। वाहन रोकते ही दो अज्ञात लड़कों ने जेब में रखे मोबाइल, पर्स में रखे नकदी, उम्मीद कार्ड, आई कार्ड, आधार कार्ड को छपटमारी कर भाग गए।

1 अप्रैल से महीनेभर रायपुर आवाजाही प्रभावित

## कुम्हारी खारून ब्रिज से डायवर्सन, पुलिस ने जारी किया रूट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

कुम्हारी स्थित खारून नदी ब्रिज में मरम्मत कार्य के चलते 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक यातायात डायवर्सन लागू किया जाएगा। यातायात पुलिस दुर्ग ने इसके लिए हल्के, मध्यम और भारी वाहनों के लिए अलग-अलग वैकल्पिक मार्ग तय किए हैं। इस संबंध में गुरुवार को भिलाई के पुलिस कंट्रोल रूम में बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुलिस, जिला प्रशासन, एनएचएआई और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों ने मिलकर डायवर्सन प्लान को अंतिम रूप दिया।

पुलिस के अनुसार, दुर्ग से रायपुर जाने वाले हल्के वाहनों को नेवई-उतई-सेलूद-पाटन-अभनपुर मार्ग और अमलेश्वर होते हुए वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करना होगा। वहीं रायपुर से दुर्ग आने वाले वाहन चांदनीडीह और महादेवघाट मार्ग से डायवर्ट किए जाएंगे। भारी वाहनों के लिए समयबद्ध प्रतिबंध भी लगाए गए हैं। कुछ स्थानों पर सुबह और शाम के समय वाहनों को रोका जाएगा, ताकि ट्रैफिक का दबाव कम किया जा सके। निर्माण कार्य के दौरान कुम्हारी ब्रिज पर सिंगल लाइन से आवाजाही होगी। साथ ही 24 घंटे निगरानी, क्रेन की व्यवस्था और डायवर्सन प्वाइंट पर संकेतक बोर्ड लगाए जाएंगे। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि तय किए गए वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें, ताकि जाम और असुविधा से बचा जा सके।



### दुर्ग से रायपुर की ओर डायवर्सन

दुर्ग से रायपुर की ओर जाने वाले भारी वाहन कुम्हारी टोल पारकर दाहिने पुल से होकर खारून नदी ब्रिज से सिंगल लाईन पर आवागमन करेंगे। राजनांदगांव से रायपुर जाने वाले भारी वाहनों को दुर्ग बाई-पास मार्ग पर बाफना टोल प्लाजा के पास प्रातः 08:30 बजे से 10:30 बजे तक रोका जाएगा। भिलाई औद्योगिक क्षेत्र तथा ट्रांसपोर्ट नगर भिलाई से निकलने वाले भारी वाहनों को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक कुम्हारी की ओर जाना निषेध रहेगा। नंदिनी, अहिवारा, बेरला से रायपुर जाने वाले भारी वाहनों को मुरमुंदा-ओटेबंध-गुधेली पठारीडीह होकर उरला (रिंग रोड नम्बर 04) की ओर प्रस्थान करेंगे। बीएसपी प्लांट से रायपुर जाने वाले वाहनों को उतई से सेलूद, फूंडा- मोतीपुर मार्ग का प्रयोग करने कहा गया।

### रायपुर से दुर्ग की ओर डायवर्सन

रायपुर से दुर्ग की ओर प्रस्थान करने वाले भारी वाहन कुम्हारी खारून नदी ब्रिज से सिंगल लाईन पर आवागमन करेंगे। महासमुंद से दुर्ग की ओर जाने वाले भारी वाहनों को मंदिर हसौद के पास शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक रोका जाएगा। उरला सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र तथा बिलासपुर की ओर से आने वाले भारी वाहनों को शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक रिंग रोड नम्बर 4 में नंदन वन कटिंग के पास रोका जाएगा।

## बीएसपी अस्पताल रिसाली के फार्मासिस्ट ने की मरीज से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- नशे में धुत था फार्मासिस्ट
- दवा के लिए मांगे पैसे

नेवई थाना पुलिस ने दवा लेने पहुंचे व्यक्ति से मारपीट के मामले में बीएसपी अस्पताल रिसाली सेक्टर के फार्मासिस्ट के खिलाफ धारा 115, 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

प्रार्थी संतोष कुमार डहरिया निवासी न्यू नेहरू नगर उमरपोटी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा नवीन का मानसिक ईलाज चल रहा है जो पत्नी खोजन डहरिया की दवाई लेने के लिए रिसाली बीएसपी अस्पताल गया था। दवा के लिए रुपए की मांग की गई। बीएसपी अस्पताल का फार्मासिस्ट विजय नामक व्यक्ति नशे में धुत थे। रिश्वत के तौर पर 1,00,000 की मांग की। उन्होंने बिना किसी कारण मेरे पुत्र नवीन के साथ बुरी तरह मारपीट की। मारपीट के दौरान फार्मासिस्ट ने मेरे पुत्र को सरेआम गालियां दी और उसे अपमानित किया। उक्त फार्मासिस्ट ने पुत्र को जान से मारने की धमकी भी दी है, जिससे पूरा परिवार डरा हुआ है। इस घटना के बाद लोगों में भी आक्रोश है।




## खबर संक्षेप



### नायक ने की पूजा अर्चना

**सेलूद।** नवरात्रि के सातवें दिन जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने वृंदा देवी मंदिर (ग्राम आगेसरा) एवं कौहेश्वर महादेव मंदिर (ग्राम कौही) में दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

### पारखचंद बने मंडल अध्यक्ष

**निकुम।** अंडा निकुम भाजपा मंडल निकुम में ग्राम कोनारी के



युवा पारखचंद साहू को ओ बी सी मोर्चा मंडल अध्यक्ष किया गया है। वही सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी है। इस अवसर पर पारखचंद साहू ने कहा कि सब मिलकर काम करेंगे क्योंकि विकास की हर योजना हित ग्राहियों तक पहुंचानी है।

### संयंत्रकर्मियों की पत्नियों ने किया प्लांट भ्रमण



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-2 विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास केन्द्र में आप भी जानिए कार्यक्रम के तहत 17 कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र भ्रमण कराया । सीजीएमसुषांता कुमार घोषाल, जीएम जेएन ठाकुर,एसके देबसिकदर,संजय द्विवेदी, एजीएम रोहित हरित आदि अधिकारी उपस्थित थे।

## निधन

### वाय सूर्य वेंकटेश्वर राव

**भिलाई।** तालपुरी निवासी 101 वर्षीय वाय सूर्य वेंकटेश्वर राव आत्माज वाय लक्ष्मया का निधन 25 मार्च को सुबह हुआ। श्री राव



भिलाई इस्पात संयंत्र में सन 1958 में ज्वाइन किए थे। उनका जन्म आंध्र प्रदेश के कृष्ण जिला में 17 अगस्त 1925 को हुआ था। भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत होने के पश्चात वे अपने पुत्र वाय राजा राव एवं वाय मनोज कुमार के साथ रह रहे थे। उनकी दो पुत्री वाय पद्मावती एवं एम जयश्री हैं। श्री राव को सभी तालपुरी बी ब्लॉक वासीयों एवं तेलुगु चौधरी समाज (कम्मा काकातीया) के सभी सदस्यों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### रोहित साहू

**सेलूद।** ग्राम छाटा निवासी रोहित



साहू 46 वर्ष का आकस्मिक निधन 26 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे अमृत बाई का पुत्र और रेणु साहू के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## धमधागढ़ हेरिटेज वॉक-पुरखौती विरासत यात्रा का आयोजन

# धमधा की प्राचीन धरोहरों को बचाने दिखा सामूहिक प्रयास, जुटे जानकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

ऐतिहासिक नगर धमधा सांस्कृतिक विरासत को जानने-समझने के उद्देश्य से "धमधागढ़ हेरिटेज वॉक – पुरखौती विरासत यात्रा का भ्रमण" का आयोजन धर्मधाम गौरवगाथा समिति ने किया। इसमें धमधा के प्राचीन कांसा उद्योग, ऐतिहासिक मकान, मंदिर और तालाबों को संरक्षित करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

इसमें एक हजार साल पुराने मंदिर और राजा किले से पर्यटक रुबरु हुए। वहीं छै आगर छै कोरी तरिया (126 तालाब) की श्रृंखला को देखकर अचंभित हुए। सैकड़ों साल से संचालित हस्तशिल्प कांसा उद्योग और वहां बने मिट्टी व बेशकीमती इमारती लकड़ी से बने मकानों को देखकर वे प्रफुल्लित हो गए।

इसमें दो पूर्व कुलपति डॉ. एसके पांडेय एवं डॉ. एसके पाटिल समेत 20 प्रोफेसर, प्रिंसिपल व कवि लेखक सहित भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत न्यास (इनटैक) भिलाई-दुर्ग के प्रतिनिधि शामिल हुए। सर्वप्रथम पंडितवा तालाब से यात्रा आरंभ हुई, जहां बताया गया कि धमधा छत्तीसगढ़ का ऐतिहासिक नगर था, जिसके बारे में ब्रिटिश गजेटियर में लिखा गया है कि धमधा इतना प्रसिद्ध था कि रायपुर की दिशा बताने के लिए धमधा-रायपुर कहकर इंगित किया जाता था। यात्रा में कबीर पंथ के पांचवे गुरु केवल मुनि नाम साहेब की समाधि, दानी तालाब, नईया तालाब और उनसे जुड़े प्राचीन बुढ़वा नरवा को पर्यटकों ने बारिकी से देखा और समझा की पुराने समय में 126 तालाबों में पानी भरने के लिए प्राकृतिक ढलान का उपयोग करते हुए बारिश के पानी को बिना किसी पंप या बिजली की सहायता से लाया जाता था। त्रिमूर्ति महामाया मंदिर, बूढ़ादेव और राजा किला की सुरक्षा के लिए बनाए बूढ़ा तालाब व टार तालाब को उन्होंने देखा। राज्य संरक्षित स्मारक विष्णु मंदिर, चौखड़िया और शीतला मंदिर का प्रतिमाओं का भी पर्यटकों ने अवलोकन किया। तमेर पारा में अशोक कसार के कांसा उद्योग में गर्म भट्टी और सांचे से लोटा ढालते और उसे चमकाते हुए दिखाया गया। विमलचंद ताम्रकार के सौ साल पुराने पठऊंवा वाले मकान को देखकर पर्यटक काफी प्रभावित हुए। वहां ठंडक और इमारती लकड़ी की कारीगरी से वे प्रभावित हुए। शिक्षक विष्णु प्रसाद ताम्रकार की बनाई मूर्तियों ने पर्यटकों का मन मोह लिया। मूर्तियां ऐसी थी मानों जीवंत हों।

**छै आगर छै कोरी तरिया में पानी भरने के प्राकृतिक प्रणाली को देखा**



### विरासत को संजोए रखने उठाई आवाज

विश्राम गृह में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जानव अपन धमधागढ़, तरिया अऊ पुरखौती धरोहर ल विषय पर चर्चा हुई। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. एसके पाण्डेय ने कहा कि किसी भी विरासत को संजोकर रखना आज बहुत बड़ी चुनौती है। धमधा में कांसे का लोटा बनाने के उद्योग इसी कठिन चुनौती से जूझ रहे हैं। किसी जमाने में ये हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आत्मनिर्भरता की पहचान होती थी। यहां के प्राचीन स्मारक, मंदिर, पुरातात्विक अवशेष धमधा की ऐतिहासिक नगर होने की पहचान हैं। किसी एक स्थान पर इतने बड़े-बड़े तालाब होने अपने आप में चौंकाने वाला है। इन्हें संभालकर और सहेजकर रखना होगा, तभी भावी पीढ़ी खुशहाल जीवन जी सकेगी। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के पूर्व कुलपति डॉ. एसके पाटिल ने कहा कि मेरी प्रारंभिक शिक्षा धमधा में ही हुई है। यहां के तालाब और आम के बगीचे, मंदिर स्मृति में हैं। आज पुरखौती विरासत यात्रा से धमधा की खासियत का ओर पता चला। पूरे भारत में छै आगर छै कोरी तरिया यानी 126 तालाब बहुत कम स्थानों पर हैं। यहां ये मोतियों की माला की तरह एक दूसरे से जुड़े हुए थे। बारिश का पानी खेतों से बहकर इन तालाबों को भर देता था। उस पुरानी नहर प्रणाली को और भी वैज्ञानिक पद्धति से अध्ययन करने की आवश्यकता है। इसके आधार पर यहां के 126 तालाबों को पुनर्जीवित करने की योजना बनी जानी चाहिए। इसमें धर्मधाम गौरवगाथा समिति का प्रयास सराहनीय है।

### बिना बिजली के मकान में ठंडक

छत्तीसगढ़ हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने कहा कि धमधा के प्राचीन कांसा उद्योग और यहां के पुराने मकान वास्तव में धरोहर हैं, जहां निवास, गोदाम और दुकान एकसाथ होते थे। बिना बिजली के ठंडक और रोशन रहने वाले मकान देखकर बहुत अच्छा लगा। नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि धमधा की प्राचीन विरासत को बचाने के लिए पुरातात्विक नियमों के अनुसार कार्य किया जाएगा। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि धर्मधाम गौरवगाथा समिति प्राचीन धरोहर और तालाबों के संरक्षण के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य कर रही है। समाजसेवी रमेश पटेल ने कहा कि धर्मधाम गौरवगाथा समिति ने सामूहिक प्रयास से विलुप्त हो चुके सात तालाब को फिर से पुनर्जीवित करने में योगदान दिया। शासन इस समिति को विलुप्त हो चुके अन्य 32 शासकीय तालाबों को प्रदान करे, ताकि उन्हें भी समिति पुनर्जीवित कर सके।

### पहुंचे विद्वतजन

छत्तीसगढ़ राज्य साक्षरता प्राधिकरण के सदस्य सचिव डॉ. डीएन शर्मा ने कहा कि धमधा के विरासत को देखकर लगता है कि इसे राष्ट्रीय मानचित्र पर लाना चाहिए। इसे लेकर स्थानीय स्तर से लेकर राज्य स्तर पर सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। स्वागत भाषण वीरेंद्र देवांगन ने दिया। मंच संचालन गोविन्द पटेल ने किया। आभार प्रदर्शन सामर्थ्य ताम्रकार साजन ने किया। इसमें उत्कृष्ठा स्वयंसेवी संस्था की अध्यक्ष शालू मोहन, संडे कैंपस के संपादक दीपकरंदन दास, संपूर्णानंद महाविद्यालय की प्राचार्य एवं इंटैक संयोजक डॉ. हंसा शुक्ला, कवयित्री विद्या गुप्ता, शानू मोहनन, छायाचित्रकार कांतिकुमार सोलंकी, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. प्रज्ञा सिंह, सुप्रसिद्ध कलाकार डॉ. महेश चतुर्वेदी, सामाजिक कार्यकर्ता ममता जोगी, भिलाई महिला कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ. संध्या मदन मोहन, बाल साहित्यकार कमलेश चंद्राकर, अभिनव जीवन कल्याण समिति दुर्ग के अध्यक्ष जगमोहन सिन्हा, मातृशक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. अलका दास, शिक्षक डॉ. प्रज्ञा सिंह, नवनीत तिवारी, जुगल किशोर साहू, धर्मेंद्र साहू, सुनील साहू मड़ियापार, केशर सिंह दीक्षित देवकर शामिल हुए। धमधा से मुखराज किशोर यादव, डीपी शर्मा, ईश्वरी निर्मलकर, अशोक देवांगन, अशोक धीवर, तुलेश्वर कहार, संतोष उमरे, धर्मेंद्र यादव, उमेश सोनी, आनंद यादव आदि शामिल है।



# कुम्हारी विद्यालय के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

पीएम श्री सेजस कुम्हारी के छात्रों द्वारा कक्षा 9वी से 12वीं तक के लगभग 700 विद्यार्थियों ने कौशिल्या माता मंदिर एवं नया रायपुर में आदिवासी संग्रहालय का भ्रमण किया। जिसमें विद्यार्थियों को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक ,धार्मिक एवं पारंपरिक धरोहरों से अवगत कराया गया। बालिकाओं को कौशिल्या माता मंदिर और आदिवासी संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर विद्या श्रीवास्तव ने किया। विद्यार्थियों ने मंदिर परिसर का अवलोकन किया जिसमें महाभारत काल एवं रामायण काल के सांस्कृतिक परिदृश्यों का अध्ययन किया। आदिवासी संग्रहालय में छात्रों ने विभिन्न पारंपरिक वेशभूषा ,खान पान ,रहन-सहन, देवी देवताओं का दर्शन किया। तत्पश्चात कृषि व पारंपरिक संकलन का अध्ययन किया गया। इसी तरह लगभग 300 छात्रों ने चंपारण में महाप्रभु वल्लभाचार्य के मंदिर का दर्शन किया। तत्पश्चात राजीम में त्रिवेणी संगम में राजीव लोचन मंदिर का भ्रमण किया गया। छात्रों ने लक्ष्मण झूला का भी आनंद लिया।

# सुपेला अस्पताल में रात में दारू पार्टी के दौरान लगी आग, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल परिसर में रात होते ही अराजक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है। कुछ लोग अस्पताल परिसर में ही दारू और मुर्गा पार्टी करते हैं। बीते मंगलवार रात भी यहां कुछ लोगों ने दारू पार्टी की, आग जलाकर खाना बनाया लेकिन उसे ठीक से बुझाया नहीं। इससे झाड़ियों में आग लग गई और फैलते-फैलते केबल वायर तक पहुंच गई जिससे बड़ा हादसा होते-होते बचा।

आग की चपेट में आने से एक पेड़ जल गया, वहीं आसपास लगी केबल को भी नुकसान पहुंचा है। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पा लिया। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक, नए भवन के पीछे रात के समय लगी आग समय रहते बुझा दी गई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था और अस्पताल की संपत्ति को भारी नुकसान पहुंच सकता था। इस घटना से अस्पताल की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं।



### रात में नहीं रहता गार्ड, चोरी की घटनाएं बढ़ीं

जानकारी के अनुसार, अस्पताल में केवल सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक ही एक गार्ड तैनात रहता है। इसके बाद पूरे परिसर में सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं रहती। रात के समय अस्पताल पूरी तरह असुरक्षित हो जाता है। इसी का फायदा उठाकर बड़ी संख्या में बाहरी लोग रात के समय अस्पताल परिसर में डेरा जमा लेते हैं। बताया जा रहा है कि कुछ लोग यहां खाना बनाने जैसी गतिविधियां भी करते हैं, जिससे आगजनी का खतरा बना रहता है। मरीजों के परिजनों का कहना है कि रात के समय अस्पताल में चोरी की घटनाएं भी लगातार सामने आ रही हैं। मरीजों के सामान गायब हो रहे हैं, लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

## अंचल की खबरें

### महाष्टमी पर पूजन व हवन में जुटे भक्तगण



**पाटन।** चैत्र नवरात्रि महापर्व में ग्राम भंसूली(के) में महाष्टमी के पावन अवसर पर विशेष पूजा अर्चना,हवन पूरे विधिविधान से पंडित यंगेश तिवारी के सानिध्य में संपन्न हुई। पूर्णाहुति में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति दी। इस वर्ष 67 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किए गए है। इस अवसर पर अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, पिंकेश साहू ग्रामीण अध्यक्ष, गैंदलाल डहरिया पूर्व जप, डॉ. केके साहू, रामनारायण साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू,जनार्दन सेन, महावीर निर्मल, श्रवण बैगा, नेतराम साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति, अवध सोनवानी, डॉ. हेमंत साहू महामंत्री, धीरेन्द्र साहू, गोपाल साहू, यशवंत साहू, भूषण मंडल, मिलन सेन, कामता साहू, दिलीप सेन, भानुप्रताप साहू, बिसहत निर्मल और महेश साहू आदि उपस्थित थे।

### प्राण प्रतिष्ठा से पहले निकली शोभायात्रा



**जामगांव आर।** श्री राम मंदिर जामगांव आर में रामनवमी के पावन अवसर पर 27 मार्च शुक्रवार को श्री राम भगवान मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी।इसी तारतम्य में गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकली। कलश शोभा यात्रा में राम भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शीतला मंदिर बस स्टैंड होते हुए राम भक्त भजन कीर्तन करते हुए गाजे बाजे के साथ नवनिर्मित श्री राम मंदिर पहुंचे। तत्पश्चात भक्तों ने भंडारा में सामूहिक भोजन प्रसाद ग्रहण किया। श्री राम मंदिर जामगांव आर के निर्माण कर्ता संदीप चंद्राकर ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर स्वास्थ एवं रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है। धर्म सभा में मुख्य वक्ता पार्टेश्वर धाम के संत श्री राम बालक दास महात्यागी होंगे।

### गांव-गांव में चैत्र नवरात्रि की मची धूम



**सेलूद।** गाँव गाँव में चैत्र नवरात्रि की धूम मची हुई है। लोग सेवा गीतो के साथ झुमकर नवरात्र का आनंद ले रहे है। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर गाँव के शीतला मंदिरो और घरो मे देवी घट स्थापना की जाती है। मिट्टी के पात्र में 'जवारे' (जौ) बोए जाते हैं, जो समृद्धि का प्रतीक माने जाते हैं। गाँवों में यह परंपरा केवल एक परिवार तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पूरा मोहल्ला एक-दूसरे के घर जाकर जवारों के दर्शन करता है। नवरात्रि में मेले बच्चों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण होते हैं। मिट्टी के खिलौने, रंग-बिरंगी चूड़ियाँ और जलेबी की दुकानें उत्सव के रंग को और गहरा कर देती हैं। यहाँ जाति-पाति का भेद मिट जाता है और पूरा गाँव 'भंडारे' में एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करता है। अष्टमी और नवमी के दिन गाँव की गलियाँ चहल-पहल से भर जाती हैं। हर घर में नन्हीं कन्याओं को 'देवी' मानकर उनके पैर पखारे जाते हैं और उन्हें हलवा-पूरी का भोग लगाया जाता है। यह दृश्य ग्रामीण भारत में नारी शक्ति के प्रति सम्मान की गहरी जड़ें दर्शाता है।गाँवों की नवरात्रि में दिखावा कम और भावना अधिक होती है। यहाँ की धूल भरी पगडंडियों पर जब जय माता दी के जयकारे गूंजते हैं, तो वह सीधे आत्मा को छूते हैं। यह पर्व हमें अपनी जड़ों की ओर लौटने और प्रकृति व समाज के साथ मिलकर खुशियाँ मनाने का संदेश देता है।

### हितग्राहियों को मिला योजना का लाभ



**पाटन/सेलूद।** दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन मजदूर कल्याण योजना के तहत हितग्राहियों को राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत पाटन के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि यह आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी जुड़ा रहा, जिससे पाटन की जनता सीधे प्रदेश स्तर के कार्यक्रम से सहभागिता कर सकी।

इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हितग्राहियों को संबोधित किया और योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार भूमिहीन मजदूरों के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है और यह योजना उनके जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम के दौरान सांकेतिक रूप से 10 हितग्राहियों को राशि का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, सीएमओ हेमंत वर्मा, उपाध्यक्ष निशा सोनी, सभापति एवं पार्षद नेहा बाबा वर्मा, सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक, केवल देवांगन, जितेंद्र निर्मलकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### महिलाओं के लिए विविध आयोजन उदयपुर में



**सेलूद।** पाटन छत्तीसगढ़ी ग्रामीण जन विकास सेवा संस्थान ग्राम ढौर के द्वारा ग्राम बेदी उदयपुर में महिला दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कार्यक्रम में स्वागत गीत बच्चों के लिए सुमधुर गीत एकल गीत, सामूहिक नृत्य बिंदी लगाओ, कुर्सी दौड और मटका फोड़ प्रतियोगिता रखी गई। परियोजना अधिकारी जामगांव एम यमुनेश पांडे, सेक्टर सुपरवाइजर संध्या सिंह, संस्था के अध्यक्ष हर प्रसाद आडिल, राम भरोसा साहू और रोमनाथ साहू साहित समस्त कार्यकर्ता गण व गांव की सरपंच माया मढरिया उपस्थित थे।

### महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 31 को, मातृशक्ति ने हाथ जोड़कर दिया आमंत्रण

**जामगांव आर।** तीन दशकों से अधिक समय से अनेकों गावो के जैन समाज सदस्य परिक्षेत्रीय समिति गठित कर बारी बारी से भगवान महावीर जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाते है। विशेष उल्लेखनीय है किसी गांव में एक घर का जैन सदस्य अपने गांव में भगवान महावीर जन्मोत्सव मनाने का अवसर लाभ प्राप्त कर लेता है और इसमें समिति ग्रामों के सभी उस नियत ग्राम के आयोजन में भाग लेकर आयोजन को भव्यता प्रदान करते है। इस बार भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव 31 मार्च को आयोजित करने का लाभ जामगांव आर को मिला है।



भगवान महावीर जन्मकल्याणक परिक्षेत्रीय समिति में जामगांव आर , रानीतराई, ओदरागहन, सुरपा ,बेलहारी और बटरेल के जैन श्री संघ सदस्य शामिल है। परिक्षेत्रीय समिति परिवार रानीतराई जैन श्री संघ की महिलाओं ने हाथ जोड़ कर आमंत्रण दिया है। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव मंचीय समारोह में अतिथि मंच पर योग पद्धति दंत चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ श्रेणिक नाहटा दुर्ग, हास्य कवि राधेलाल लोढ़ा दुर्ग और प्रखर वक्ता सुरेश बाफना गुण्डरदेही मंचासिन होंगे। संचालन श्वेता मनीष बैद किंजल शीतल बैद ग्रुप करेंगे। संपूर्ण कार्यक्रम का निर्देशन अध्यक्ष मनीष बैद और कोषाध्यक्ष आशीष कोचर करेंगे। रानीतराई, ओदरागहन, सुरपा, बेलहारी, बटरेल और जामगांव आर जैन श्री संघ के युवा महिलाएं पुरुष बच्चे सभी अपनी प्रतिभा का रोचक प्रदर्शन कर प्रस्तुतियां देंगे।

## बिजनेस साइट

### रूंगटा डेंटल कॉलेज के स्टूडेंट्स बने यूनिवर्सिटी टॉपर्स



Pragati Agrawal, Ayushi Jain, Sneha Singh, Soumya Gupta, Tanvi Verma, Aanchal Swankar, Bhoomi Agrawal, Sneha Banik, Ishika Kothari, Naina Nihlani, Darpana Solanki, Rani Goyal

**भिलाई।** रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च आरसीडीएसआर जो कि नैक ए ग्रेड से मान्यता प्राप्त एक अग्रणी संस्थान है। इस संस्था ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। आयुष हेल्थ यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आयोजित बीडीएस प्रथम वर्ष की विश्वविद्यालय परीक्षा के घोषित परिणामों में रुंगटा डेंटल कॉलेज के 12 छात्रों ने टॉप 10 रैंक प्राप्त किए हैं। आरसीडीएसआर लगातार उत्कृष्टता में अग्रणी रहा है और हाल ही में इंडिया टुडे द्वारा मध्य भारत का नंबर 1 डेंटल कॉलेज घोषित किया गया है। इस उपलब्धि पर रुंगटा समूह के चेयरमैन संजय रूंगटा ने छात्रों की कड़ी मेहनत की सराहना की। कॉलेज के डीन डॉ. कार्तिक कृष्णा एम ने भी छात्रों को बधाई दी। बीडीएस प्रथम वर्ष में प्रगति अग्रवाल ने प्रथम, आयुषी जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्नेहा सिंह, सौम्या गुप्ता, तन्वी वर्मा, आंचल स्वांकर, भूमि अग्रवाल, स्नेहा बानिक, इशिका कोठारी, नैना निहलानी, दर्पणा सालोंकी तथा रानी गोयल ने क्रमशः तीसरा, चौथा, पांचवा, छठवां, सातवां, आठवा, नवां और दसवा स्थान प्राप्त किया। ये स्टूडेंट्स छत्तीसगढ़ के सभी डेंटल कॉलेजों में सब्जेक्ट टॉपर भी रहे।

## पेंशनर समाज पाटन तहसील का वार्षिक सम्मेलन आयोजित

# 80 वर्ष पूरा करने वाले पेंशनर्स का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



पेंशनर समाज पाटन तहसील का वार्षिक सम्मेलन पाटन के जगन्नाथ मंदिर परिसर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में कई विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता के रूप में अधिकारी कर्मचारी राजपत्रिक अधिकारी संघ के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा, योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा और चेतन भारती शामिल हुए। सभी वक्ताओं ने पेंशनरों के हितों और उनकी समस्याओं पर विस्तार से अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ सदस्यों का विशेष सम्मान किया गया। साथ ही पेंशनर समाज से हाल ही में जुड़े नए सदस्यों का भी अभिनंदन किया गया, जिससे आयोजन का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया।

सम्मेलन में पेंशनर समाज के विकास, उनके अधिकारों की रक्षा और भविष्य की योजनाओं को लेकर व्यापक चर्चा की गई। वक्ताओं ने पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर प्रयास करने का आह्वान किया। वार्षिक प्रतिवेदन अध्यक्ष हीरा सिंह वर्मा ने पढ़ा। वार्षिक आय व्यय की जानकारी कोषाध्यक्ष के पी हिरवानी ने दी। इस अवसर पर सचिव विष्णु वर्मा, अमर चंद वर्मा, सहित पेंशनर समाज के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहें

## खबर संक्षेप

### जोत-जवारा विसर्जन शोभायात्रा आज

**दुर्ग।** कसारीडीह सिविललाइन स्थित मां सतरूपा शीतला मंदिर में चैत्र नवरात्र का पर्व पूरे आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। महाअष्टमी पर मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटे। शाम को महाअष्टमी पर हवन पूजन किया गया। चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन 27 मार्च को मंदिर समिति द्वारा शाम 4 बजे जोत जवारा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए शीतला तालाब पहुंचेगी। जहां जोत जावरा का विसर्जन किया जाएगा।

### सियाराम भक्त मंडल ने किया भंडारा आयोजित

**भिलाई।** सियाराम भक्त मंडल द्वारा सेक्टर नौ चौक पर राम नवमीं पर भंडारा का आयोजन किया गया। सेवा पंडाल में भंडारा में श्रद्धालुओं को खिचड़ी आदि प्रसाद वितरित किया गया । इस अवसर पर रामायण मंडली द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। शाम को मास्टर सुनील सोहरे शंकर भोला भंडाली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रवीण आडिल, तुषार वर्मा, कांत वर्मा आदि उपस्थित थे।

### आकाश गंगा में आज महाप्रसाद वितरण

**भिलाई।** भिलाई के सुपेला स्तिथ ढिल्लन काम्प्लेक्स आकाश गंगा में नवरात्री के मौके पर महाभंडारा का आयोजन 27 को शुक्रवार दोपहर 2 बजे आयोजित किया जा रहा है। काम्प्लेक्स के सभी व्यापारी, हर वर्ष क्वार नवरात्री और चैत नवरात्री के मौके पर महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया जाता है। काम्प्लेक्स के व्यापारियों ने महाप्रसाद भंडारा को ग्रहण करने की अपील सभी भक्तों से की है।

### बीएसपी में एबीएमएस की प्रबंधन समीक्षा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एंटी ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम (एबीएमएस) की इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सम्मेलन कक्ष में उच्च-स्तरीय 'टॉप मैनेजमेंट रिव्यू मीटिंग हुई। अध्यक्षता निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने की। कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पीके सरकार, राकेश कुमार, कमल भास्कर, अरुण कुमार व सीजीएम उत्पल दत्ता सहित सभी मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। अतिरिक्त मुख्य सतर्कता अधिकारी सुनील सिंगल ने बीएसपी को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा प्रदत्त आईएस/आईएसओ की जानकारी दी। निदेशक प्रभारी ने कहा कि पारदर्शिता एवं नैतिकता को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कर्मियों में जागरूकता बढ़ाने के पोस्टर लगाए गए। बैठक में विभाग के संदीप गुप्ता, रेणु गुप्ता, दीप्ति राज, एजीएम हिमांशु दवे, वरिष्ठ प्रबंधक अनुराग मित्तल आदि अधिकारी उपस्थित थे।

### रिसाली निगम में विवाद के चलते इस बार बजट को लेकर संशय के हालात

# भिलाई-दुर्ग निगम में बजट पेश, रिसाली में अब तक एमआईसी की बैठक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम में अब बजट विवाद शुरू हो गया है। दुर्ग- भिलाई निगम ने वर्ष 2026-27 का बजट पेश कर दिया है लेकिन नवगठित रिसाली निगम का हाल ऐसा है कि एमआईसी की बैठक का अता-पता नहीं है।

हैरत की बात यह है कि फरवरी महीने में ही निगम आयुक्त द्वारा एमआईसी के लिए बजट तैयार कर भेज दिया गया है लेकिन इतना समय बीतने के बाद भी इस पर चर्चा के लिए मेंबर एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। वैसे इस बार का बजट महापौर शशि सिन्हा की टीम के कार्यकाल का अंतिम बजट है इसलिए रिसाली निगम क्षेत्र की जनता की नजर लगी हुई है। इधर बजट के लिए एमआईसी की बैठक नहीं होने से विपक्ष को और मौका मिल गया है। विपक्ष ने फिर शहर सरकार पर हमलावर है।

#### सीधे राज्य शासन को बजट भेजने की बन रही स्थिति




#### एमआईसी मेंबरों में ही है फूट

रिसाली निगम के बजट के लिए अब तक एमआईसी की बैठक नहीं होने की पीछे नई कहानी इस बार बन गई है। एमआईसी के आठ मेंबर हैं। इनमें चार मेंबर ऐसे हैं जो इस बार महापौर से अपनी दूरी बना ली है। यह दूरी हाल ही में सफाई ठेका को लेकर उपजे विवाद से बनी। तभी से एमआईसी में समन्वय व एकजुटता गायब है। पिछले बजट में इसी सफाई ठेका को लेकर जब महापौर ने सामान्य सभा में विरोध किया तो उनके कई एमआईसी मेंबरों ने साथ नहीं दिया था। इस बार हालात और विपरीत हैं। इसलिए विपक्ष इस बार शहर सरकार पर हमला करने के लिए पूरी तरह रणनीति बनाकर बैठी है।

#### इस महीने केवल दो दिन ही वर्किंग डे

फरवरी महीने में बजट निगम आयुक्त द्वारा एमआईसी के लिए भेजा गया है। उसके बाद भी लापरवाही का आलम यह है कि मार्च का महीना बीतने वाला है। खास बात यह है कि इस महीने कल 27 मार्च और 30 मार्च को ही यानी दो दिन ही वर्किंग डे है। 31 मार्च को भी महावीर जयंती का अवकाश है। महापौर शशि सिन्हा के मुताबिक 30 मार्च को एमआईसी हो सकती है। विपक्ष का कहना है कि यदि 30 मार्च को एमआईसी बजट को सामान्य सभा के लिए पारित भी कर देता है तो इस महीने विशेष सम्मेलन ही नहीं बुलाया जा सकेगा। शासन के निर्देश के हिसाब से बजट 31 मार्च तक प्रस्तुत करना है।

#### राज्य सरकार को सीधे भेजे जाने की नौबत

रिसाली निगम के बजट को लेकर अब यह नौबत भी आ सकती है कि सीधे राज्य को भेजना पड़े। निगम अधिनियम के जानकारों के मुताबिक 31 मार्च के पहले बजट सदन में पारित नहीं हुआ तो उसे निगम प्रशासन सीधे राज्य शासन के पास भेज सकती है। रिसाली निगम का मौजूदाहालात यही संकेत दे रहे हैं। पिछले साल यानी वर्ष 2025-26 का बजट 31 मार्च को ही सामान्य सभा में लाई गई थी लेकिन उन दिनों एमआईसी से नियम समय पर अनुमोदित हो चुका था।

#### 30 मार्च को एमआईसी



निगम आयुक्त जब फरवरी में बजट भेजा तब उस समय मैं बाहर गई थी। उसके बाद सफाई को लेकर एमआईसी बैठक हुई है। 30 मार्च को बजट पर एमआईसी की बैठक बुला रही हूं। पिछली बार भी 31 मार्च को बजट पेश किए थे।

**शशि सिन्हा,** महापौर रिसाली निगम

#### शहर सरकार की बड़ी नाकामयाबी



वित्तीय सत्र 2025-26 कुछ दिन ही शेष है। अभी तक एमआईसी की बैठक तक नहीं हुई। बजट सत्र के महापौर और एमआईसी की ये बड़ी नाकामयाबी है। क्षेत्र की जनता केवल टैक्स देने के लिए नहीं है उनके टैक्स के पैसे से विकास की भी वो उम्मीद करते हैं। निगम अधिनियम की महापौर और उनकी एमआईसी धज्जियां उड़ा रही है। ऐसा लगता है कि इस बार राज्य को ही बजट भेजने की नौबत आएगी। जो बेहद शर्मनाक स्थिति होगी।

**शैलेन्द्र साहू,** नेता प्रतिपक्ष

## खुले तार की चपेट में आने से तीन बेजुबान जानवरों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खुर्सीपार में नगर निगम की लापरवाही सामने आई है। खुले तार की चपेट में आने से तीन बेजुबान जानवरों की मौत हो गई। आम आदमी पार्टी ने खुर्सीपार थाने में लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंग ने बताया कि घटना खुर्सीपार वार्ड-50, स्ट्रीट 38, क्वार्टर नंबर 9एच के पास की है। यहां नगर निगम द्वारा स्थापित इलेक्ट्रिक बोर के पावर पैनल से निकला हुआ बिजली का तार बीच से कटा हुआ और नग्न अवस्था में जमीन पर पड़ा था। रात को इस तार की चपेट में आने से सबसे पहले एक मादा कुतिया की करंट लगने से मौत हो गई। अगले ही दिन, उसी जगह पर उसके दो छोटे बच्चे भी करंट की चपेट में आ गए और उनकी भी जान चली गई। आम आदमी पार्टी के नेता मेहरबान सिंह आरोप लगाया कि वार्डवासियों द्वारा स्थानीय पार्षद डी सुजाता और नगर निगम के अधिकारियों को खुले तारों के बारे में बार-बार सूचित किया गया था। इसके बावजूद, शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया।

- आम आदमी पार्टी ने थाने में की शिकायत, प्रशासन और पार्षद पर अनदेखी का आरोप

पार्टी ने चेतावनी दी है कि यह केवल जानवरों की मौत का मामला नहीं है, बल्कि नगर निगम की यह लापरवाही किसी इंसान की जान भी ले सकती थी। आज बेजुबान जानवर मरे हैं, कल कोई बच्चा या राहगीर भी इस लापरवाही का शिकार हो सकता था। आम आदमी पार्टी ने जोन-4 के जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस दौरान मेहरबान सिंह, बलविंदर सिंह, जसप्रीत सिंह, अमजद अली, दीकेश्वर टंडन कृष्णा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इस्पात संयंत्र में जानलेवा ट्रैफिक का खामियाजा भुगत रहे हैं ठेका मजदूर, वर्क लोड भी बढ़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में मेन पावर क्राइसेस और संयंत्र में असुरक्षित ट्रैफिक का खामियाजा ठेका मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। ओवरलोडेड वाहनों और वर्कलोड के चलते दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इनकी चपेट में मजदूर आ रहे हैं। इस मामले में

- ओवरलोडेट वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग की मांग

यूनियनों ने प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। सीटू यूनियन ने बीएसपी के कार्यपालक निदेशक संकार्य राकेश कुमार से मिलकर सुरक्षा के लिए संयंत्र में परिवहन को व्यवस्थित किए जाने की मांग की है। संयंत्र के 24 नंबर बिल्डिंग के आगे रेल मिल जीरो कार्बाइड टर्निंग में मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक ठेका मजदूर की मौत हो जाती है। इसके पूर्व भी कई ठेका मजदूर घायल हो चुके हैं। सीटू की टीम ने कार्यपालक निदेशक संकार्य राकेश कुमार से मुलाकात की। दुर्घटना के दूसरे दिन दुर्घटना स्थल के निरीक्षण के दौरान सीटू के लोगों ने कार्यपालक निदेशक (संकार्य) से कहा था कि प्लांट के भीतर मूवमेंट करने वाले ट्रेलर में हेल्पर की व्यवस्था होनी चाहिए। पहले भी मांग की जा चुकी हैं लेकिन अभी तक इसका कोई समाधान नहीं किया गया है। सीटू के मुताबिक यूनियन ने ईडी से मिलकर आज भारी वाहनों के नियंत्रित करने की मांग की। ई डी आश्वस्त किया कि हमने इस व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दे दिए हैं अगले 5 दिनों में प्लांट के भीतर आने वाले हर भारी वाहन (ट्रेलर)में हेल्पर की व्यवस्था होगी।सीटू नेताओं ने कहा कि हर महीने की 24 तारीख से लेकर माह के अंत तक खासकर मिल शिपिंग एरिया में लोडिंग को लेकर अफरा तफरी का माहौल रहता है और गाड़ियों की अधिकता रहती है । शिपिंग एरिया में गाड़ी लोड करने को लेकर प्रत्येक मिल पर दबाव रहता है और इस दबाव को कम करने गाड़ियों की मूवमेंट को सरल करने एवं गाड़ियों को निरंतर गेट के बाहर सरलता से निकालने की व्यवस्था करने एवं कई जगहों पर शिपिंग एरिया में लाइटिंग की व्यवस्था बेहतर करने की मांग की गई । फाइनेंशियल ईयर समाप्त होने को है, अभी लोडिंग का दबाव लगातार है और इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की भी जोर दिया गया।



#### वैकल्पिक रास्ता की करेंगे खोज

यूनियन द्वारा मर्चेंट मिल शिपिंग एरिया में लोडिंग के बाद ट्रेलर को सरलता से निकालने के लिए वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। इस पर ईडी वर्क्स ने कहा कि मर्चेंट मिल का निरीक्षण कर स्थिति में सुधार की ओर प्रयास करने का आश्वासन दिया। यूनियन नेताओं ने ईडी को बताया कि मृतक ठेका श्रमिक जो ट्रेलर की चपेट में आया था उनके परिवार को ट्रेलर के इंश्योर्ड कंपनी से इंश्योरेंस का पैसा मिलना चाहिए । इस मामले में कार्मिक विभाग एवं आवश्यकता अनुसार लॉ डिपार्टमेंट से बातचीत करेंगे।

#### रोल टेबल से लेकर जाए बिलेट

सीटू ने कहा कि गाड़ियों के मूवमेंट कम करने के लिए एसएमएस 3 से बिलेट को बीआरएम की ओर रोल टेबल से ले जाने की बजाय पिछले कई वर्षों से रोड ट्रांसपोर्ट ट्रेलर के द्वारा भेजा जा रहा है। यूनियन ने पूर्व में भी इस व्यवस्था बंद करने और एसएमएस 3 से सीधे बिलेट बीआरएम में मांग की थी। बैठक में जल्द ही उचित कदम उठाने का आश्वासन मिला।

#### अब नहीं सरकेगी वैगन आगे पीछे

सीटू ने बताया कि मिल के शिपिंग एरिया में वैगन को मूवमेंट करने के लिए मैग्नेट क्रेन का उपयोग किया जाता है। इसकी वजह से कई बार क्रेन डिरेल होते हैं और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की गई है। कार्यपालक निदेशक आश्वस कि जल्द ही इस दिशा में भी वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

### एसपी-3 में वेल्डिंग में सुरक्षा पर प्रशिक्षण सत्र

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एसपी-3 विभाग द्वारा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत वेल्डिंग एवं गैस कटिंग में सुरक्षा विषय पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन प्रेरणा विकास केंद्र, एसपी-3 में किया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन महाप्रबंधक राजेश अग्रवाल तथा कनिष्ठ कार्यपालक सहायक परमेश्वर लाटिया ने किया। महाप्रबंधक आईआईडब्ल्यू भिलाई वीके ओगले, डीजीएम एमयू राव व सीजीएम सजीव वर्गीस भी उपस्थित थे।




### खेल परिसर व नाला निर्माण का किया अवलोकन

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने खेल परिसर एवं भेलवा तालाब सर्विस रोड किनारे चल रहे नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था को सुधारना और स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। निरीक्षण के दौरान, आयुक्त ने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का पूरा होना क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा और जल निकासी प्रबंधन में सुधार लाएगा।नाला निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है और निगम द्वारा इसे जल्द से जल्द पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र में जलभराव की समस्या में कमी आएगी और स्थानीय निवासियों को राहत मिलेगी।



### महाअष्टमी पर देवी मंदिर में पहुंचे मंत्री गजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

चैत्र नवरात्रि के अष्टमी पर शहर विधायक व केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शहर के विभिन्न देवी मंदिर पहुंचे और माता के दर्शन कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान खीर पूड़ी और खिचड़ी के भोग भंडारा में हाथ भी बंटाये।

मंत्री श्री यादव ने कहा कि समस्त देवी शक्ति का स्वरुप होती है। नौ दिन हम सभी ने माता की भक्ति की है, उसका आशीर्वाद मिलेगा। अष्टमी पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव परिवार सहित चंडी मंदिर और बैगापारा स्थित शीतला मंदिर पहुंचे और देवी दर्शन कर आशीर्वाद लिए।



### नराकास की नारा प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा ऑपरेशन सिंदूर' विषय पर आयोजित 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई–दुर्ग' (नराकास) स्तरीय नारा प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मानव संसाधन विकास केंद्र के सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एनएसपीसीएल के मुख्य महाप्रबंधक एवं व्यापार इकाई प्रमुखनील कुमार शर्मा थे। जीएम सचिव, नराकास भिलाई राजीव कुमार भी थे। निर्णायक स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा भिलाई निशेष कश्यप तथा महाप्रबंधक टेलीकाम एचआर सिरमौर थे।

### प्रत्येक को 10 हजार रुपए भेजे गए

## 32295 भूमिहीन कृषि मजदूरों को खाते में भेजा पैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत बुधवार को जिले के 32 हजार 295 हितग्राहियों के खाते में 10 हजार रुपये की राशि ट्रांसफर की गई।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कुलेश्वरी देवांगन ने 50 हितग्राहियों को योजना के तहत प्रमाण पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बलौदाबाजार जिले से बटन दबाकर पात्र हितग्राहियों के खातों में राशि हस्तांतरित की गई, जिसका सीधा प्रसारण सभाकक्ष में किया गया। योजना के अंतर्गत भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। बजट 2026-27 में इस योजना के लिए 600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने कहा कि यह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी है। संयुक्त कलेक्टर सिल्ली थॉमस ने बताया कि दुर्ग के 13,252, धमधा के 8,943 और पाटन के 10,100 हितग्राहियों सहित कुल 32,295 लोगों को राशि उनके खातों में हस्तांतरित की गई है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, जनपद सीईओ रूपेश पाण्डेय, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

जय जय श्री राम

# श्री राम नवमी

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



गुरुदेव इंटरप्राइजेस
शादी-विवाह के लिए विशेष पैकेज 31 हजार एवं 51 हजार पर उपलब्ध
स्पेशल शादी सीजन ऑफर
शादी के सम्पूर्ण सामान पर भारी छूट
फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक्स कम से कम डाउन पेमेंट पर
आधार कार्ड + पैन कार्ड पर तुरंत फाइनेंस
मनपसंद सामान आज ही घर ले जाएं
बेड, सोफा, अलमारी, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन पर विशेष डिस्काउंट
कम EMI में बड़ा सामान
लिमिटेड समय के लिए ऑफर
फायनेंस सुविधा उपलब्ध BAJAJ FINSERV IDFC FIRST Bank
मुक्ता पेट्रोल पंप के बाजू में, पाटन रोड डुमरडीह, उतई
Mob. : 7745998666, 9826616297

रामनवमी पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पूरनलाल साहू
सहायक महाप्रबंधक
(बीएसपी)
संयोजक
अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ, जिला साहू संघ भिलाई नगर

दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध
श्रीमति वैदेही शर्मा
माँ कामख्या उपासक
फीस 251/-
श्रीमती वैदेही शर्मा माँ कामाख्या की असीम कृपा साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुंडली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिचाष दोष, गृहण दोष, गृहकलेश, पति- पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, संतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, आकर्षण उच्चाटन मारण, मास्तिक दमन, भक्तगण इन बाधाओं से पीड़ित व्यक्ति बागुला मुखी साधना द्वारा समाधान।
माँ कामख्या ज्योतिष कार्यालय मो. 9343907851
पता: धमधा रोड, मिलन पैलेस के बाजु में, दुर्ग
समय: सुबह: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक
शाम: 04 बजे से 07 बजे तक

KISHOR PUBLIC HR. SEC. SCHOOL
NUR. TO CLASS 12TH (ENGLISH MEDIUM)
BIO MATHS COMMERCE
Admission Open
25% Free Admission For Class Nursery By RTE
Vedic Tradition
25 Year Of Expertise
Best Education Since 1999
Excellent Result 10th & 12th
Personality Developments
Dance, Drama, Yoga Meditation
TRANSPORT FACILITY
EXPERIENCE TEACHER
SCHOLARSHIP FACILITY
ADD.- ADITYA NAGAR, DURG (C.G)
70004 29141
Director

हिंदू धर्म के प्रमुख पर्वों में से एक रामनवमी भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है। यह पर्व भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, सत्य, धर्म और मर्यादा के प्रतीक रूप को स्मरण करने का अवसर देता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाने वाला यह त्योहार भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है।

रामनवमी का दिन इस बात का प्रतीक है कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब ईश्वर किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान श्रीराम ने रावण जैसे अत्याचारी का अंत कर सत्य और न्याय की स्थापना की थी।

इस दिन श्रद्धालु प्रातः स्नान कर व्रत रखते हैं और घरों तथा मंदिरों में भगवान श्री राम की पूजा-अर्चना करते हैं। रामायण का पाठ, भजन-कीर्तन और शोभायात्राएं इस पर्व की विशेष पहचान हैं। कई स्थानों पर राम जन्म का उत्सव दोपहर 12 बजे विशेष आरती के साथ मनाया जाता है।

रामनवमी हमें जीवन में सत्य, कर्तव्य और मर्यादा का पालन करने की प्रेरणा देती है। भगवान राम का जीवन आदर्श पुत्र, आदर्श राजा और आदर्श पति के रूप में मानवता के लिए एक मार्गदर्शक है।

प्रो. जयंत ताम्रकार
जयंत फर्नीचर
इंटरप्राइजेस एंड मोबाईल
हमारे यहां सभी सामान में सभी प्रकार के फायनेंस सुविधा 0% डाउनपेमेंट में उपलब्ध है
79875-99562
शादी विवाह के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
BAJAJ FINSERV SAMSUNG Finance+ HOME CREDIT HDB FINANCIAL SERVICES HDFC BANK We understand your world Mahindra FINANCE IDFC FIRST Bank
इंदिरा मार्केट पार्किंग के पास, अग्रवाल मिष्ठान भंडार के आगे, दुर्ग

SHRI KHATU SHYAM JYOTISH
15 वर्षों से आपकी सेवा में
प्रतिक्षा कक्ष
प्रतिक्षा कक्ष
पूजा स्थान
परामर्श कक्ष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"
ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे लें समाधान
पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुंडली विशेषज्ञ
सितारों की चाल
देखिए बुधवार सुबह 6:25 बजे VISTAAR NEWS पर
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
• नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
• व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
• मकान - संतान योग
• दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
• कालसर्प दोष निवारण
• प्रेम विवाह, मोहनी
• मांगलिक दोष निवारण
बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060
असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें
हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)
मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक
संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04



मंगलसूत्र के कुछ खास डिजाइंस जो बढ़ा देंगे आपके रूप की शोभा


लाइव इवेंट

## सीमा सुरक्षा बल ने मनाई स्थापना की हीरक जयंती, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



**भिलाई।** सीमा सुरक्षा बल अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सीमा सुरक्षा- सेवा, बलिदान एवं सशक्तिकरण की थीम की थीम पर सालभर विविध कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में सीमांत मुख्यालय विशेष संक्रिया सीमा सुरक्षा बल छत्तीसगढ़ के भिलाई स्थित कार्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छग सीमांत मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल महानिरीक्षक संजय पंत और पद्मश्री डॉ. उषा बारले द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सीमा सुरक्षा बल पर आधारित एक वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया। साथ ही सीमा सुरक्षा बल के बैंड प्रदर्शन एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेरा युवा भारत के कलाकार करण साहू और शारदा विद्यालय भिलाई की छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. उषा बारले ने अपने पंडवानी गायन से कार्यक्रम में ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानिरीक्षक संजय पंत ने कहा कि यह आयोजन सीमा सुरक्षा बल की गौरवशाली परंपरा एवं राष्ट्र सेवा के साथ-साथ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा कलाकारों को पुरस्कार और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

लाइव इवेंट

## वाईएचआई सदस्यों ने खेली फूलों की होली, फाग गीतों पर थिरके लोग



**भिलाई।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया (वाईएचआई) दुर्ग भिलाई इकाई का पारिवारिक होली मिलन समारोह बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मां चण्डी मन्दिर परिसर बागबाहरा में किया गया। वरिष्ठ सदस्य संजय साहू और सुलेखा साहू ने बताया कि समारोह में परम्परा से हटकर सदस्यों ने फूलों की होली खेली। समिति के सदस्य प्रेसिडेंट ऋषिकांत तिवारी, सतानन्द तिवारी, अविनाश तिवारी और देशबन्धु शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दौरान सुखबीर सिंह ब्रोका और विकास चौधरी द्वारा गाए हुए फाग गीतों पर लोग जमकर थिरके। सभी सदस्यों ने रंगोत्सव की शुभकामनाएं देकर आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द्र बनाये रखने का संदेश दिया। इस आयोजन में श्रुति चटर्जी द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य ने समां बांध दिया। सभी सदस्य आपस में गले मिलकर एक दूसरे को होलिकोत्सव की बधाई दी।

लाइव इवेंट

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर शिक्षकों को दिया तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**भिलाई।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् रायपुर (एससीईआरटी) के तत्वावधन में जिले के भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान व गणित समूह के व्याख्याताओं तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया था। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूआबांधा भिलाई में बोर्ड द्वारा लागू नवीन ब्लू प्रिंट के अनुसार नवाचारी शिक्षण पद्धति के माध्यम से कराने की पहल की गई। डाइट दुर्ग के प्राध्यापक डॉ. नीलम दुबे, डॉ वंदना सिंह, अनुजा मुरेकर, सपना सोनी, रत्ना साहू, डॉ. पूनम बिचपुरिया, राजकुमार साव, लक्ष्मी प्रसाद, अलका राय द्वारा बोर्ड द्वारा लागू नवीन ब्लू प्रिंट, प्रश्न पत्र निर्माण, शिक्षण शास्त्र, न्यूमेरिकल एनालिसिस, लर्निंग लॉस आदि पर प्रशिक्षण दिया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य प्रभात मरकले और सत्येंद्र शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या, मॉडल लेसन प्लान द्वारा आदि पर प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में जिले की व्याख्याता संगीता चंद्राकर, मयूरी शुक्ला,धीरजा, आरती सिंह, ममता गुप्ता सहित पूरी टीम सक्रियता से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

श्रीराम जन्मोत्सव समिति की रामलीला मैदान में हुई धर्मसभा, भगवा रंग में रंगी स्टील सिटी

# भक्ति और आस्था का उमड़ा ज्वार, 1150 मंदिरों से निकली अलग-अलग शोभायात्राएं व झांकी, लगे जय श्रीराम के नारे

**भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव राम नवमी पर पावर हाउस चौक और ऊलन मार्केट सेक्टर 1 में गुरुवार को श्रद्धा और आस्था का भक्तिमय विहंगम नजारा देखने को मिला। श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई दुर्ग द्वारा आयोजित 41वें श्रीराम जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस शुभ अवसर पर भिलाई के विभिन्न वार्डों के 1150 मंदिरों से भगवान प्रभुराम की आकर्षक शोभायात्राएं निकाली गईं।**





**भिलाई।** टाउनशिप और पटरीपार क्षेत्र तथा निकटस्थ ग्राम्य इलाके से निकली सभी शोभ यात्राएं सेंट्रल एवेन्यू व फोरलेन के चौकों से होते हुए पावर हाउस चौक पहुंचकर श्रीराम लीला मैदान ऊलन मार्केट में धर्म सभा में तब्दील हुई। धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता पाटेश्वर धाम के प्रमुख बालयोगेश्वर राम बालकदास महात्यागी, विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, मंत्र खुशवंत साहेब, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, रिकेश सेन, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा और हरिभूमि व आईएनएच चैनल के प्रधान संपादक डां. हिमांशु द्विवेदी ने अपने उदबोधन में भगवान श्री राम के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। मंच पर भाजयुमो प्रदेश प्रभारी आलोक डंगस, छग बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा व जिला भाजपाध्यक्ष पुरुषोत्मम वर्मा सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

भक्तिमय माहौल में शहर के विभिन्न सेक्टरों, कालोनियों और बस्तियों के मठ मंदिरों से राममय वातावरण में निकली शोभायात्राओं में रामभक्तों को उत्साह देखते ही बनता था। श्रीराम जन्मोत्सव समिति के खंडों व प्रखंडों में शोभायात्राओं की तैयारी में समिति के कार्यकर्ता दिनभर तैय़ारी में जुटे रहे। शाम को सभी सेक्टरों, और पटरी पार की बस्तियों सहित जामुल, चरौदा,कुम्हारी, हुडको, रिसाली, धनौरा, उतई, पुरई आदि के मठ मंदिरों से सजेधजे वाहनों के रथों पर राम,सीता, लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न और रामभक्त हनुमान की राम दरबार की सजी मोहक झांकियां शोभायात्राओं में लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई थीं। आगे ध्वजवाहक धर्मध्वजा उठाए रामभक्त चल रहे थे। अखाड़ा दल करतब दिखा रहे थे। धुमाल ढोल और डीजे पर भजन कीर्तन पर श्रद्धालु झूमते हुए चल रहे थे। बाबा भोलेनथा शोभायात्रा, भगवान चुतुर्भुजी शोभायात्रा, मां बम्लेश्वरी शोभायात्रा और दंतेश्वरी शोभायात्राएं सेक्टर 1 व पावरहाउस चौक पर मुख्य शोभायात्रा में मिलीं। मुख्य शोभायात्री की अगुवाई समिति के युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पांडेय,समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने,महामंत्री बुधन ठाकुर, जिला अध्यक्ष मदन सेन, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पांडेय, महामंत्री बसंत प्रधान,जोगिंदर शर्मा कर रहे थे।











### 1 लाख घरों से संग्रहित अन्न का महाप्रसाद

श्री राम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा के पूर्व विभिन्न मंदिरों व धर्म सभा स्थल पर महाप्रसाद वितरित किया गया। महाप्रसाद बनाने के लिए समिति द्वारा पिछले पखवाड़ेभर से तैयारी की जा रही थी। एक लाख घरों से संग्रहित अन्न से महाप्रसाद तैयार किया गया था। मंदिरो के भंडारों में महाप्रसाद को लेकर श्रद्धालुओ में अटूट आस्था देखी गई। प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने ने बताया कि एक मुट्ठी दान श्रीराम के नाम अभियान पिछले चार साल से शुरू है जिसके तहत इस साल 22 फरवरी से तैयारी की गई थी।

### महाष्टमी व नवमी पर उमड़ा आस्था का ज्वार

शहर में आज नवरात्रि के महाष्टमी के साथ रामनवमीं होने पर पूरा शहर शक्ति की भक्ति में डूबा रहा। सेक्टर 9 हनुमान मंदिर, सुपेला हनुमान मंदिर, बम्लेश्वरी मंदिर सेक्टर 6 और रिसाली मंदिर आदि की शोभायात्राओं से सेंट्रेल एवेन्यू और रिसाली रोड आदि पर प्रमुख मार्गों पर आस्था का ज्वार उमड़ा। विभिन्न स्थानों से निकलीं शोभायात्राएं रात आठ नौ बजे तक आयोजन स्थल पर पहुंचीं। भक्ति में डूबे श्रद्धालु जय जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। आयोजन में महिला विंग व यूथ विंग सहित खंडों व प्रखंडों के हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।

## व्योम में फूटा जोश, खेल और डांस से गूंजा कैंपस विद्यार्थियों ने किए अपने हुनर का प्रदर्शन







**भिलाई।** रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में चल रहे टेक फेस्ट व्योम के तहत गुरुवार को पूरे दिन कैंपस में अलग-अलग प्रतियोगिताओं की धूम रही, जहां छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। सुबह की शुरुआत रंगमंच गतिविधियों से हुई, जिसमें सोलो डांस, ग्रुप डांस, सोलो सॉन्ग और ग्रुप सॉन्ग ने माहौल को संगीत और ताल से सराबोर कर दिया। वहीं, इंस्ट्रूमेंट प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी धुनों से सबको मंत्रमुग्ध किया।

मिमिक्री प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी आवाज और अंदाज से दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। डांस फेस बैटल इंट्रा और इंटर कॉलेज में युवाओं का जोश और कॉन्फिडेंस देखने लायक था। वॉलीबॉल, कबड्डी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों में भी खिलाड़ियों का जोश देखते ही बन रहा था। बैडमिंटन, टेबल टेनिस और चेस जैसे इंडोर गेम्स में छात्रों ने धैर्य और कौशल का परिचय दिया, वहीं कैरम में भी कड़ी टक्कर देखने को मिली। एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ और 100 मीटर रिले ने मैदान में रोमांच भर दिया। इसके अलावा टग ऑफ वॉर, आर्म रेसलिंग, हॉपस्कॉच, बार हैंगिंग, सैक रेस, बॉल ड्रिब्लिंग और पुश-अप्स जैसे फन इवेंट्स ने पूरे माहौल को और भी जीवंत बना दिया।

रचनात्मक गतिविधियों में 15 मिनट कैनवास, क्लॉथ पेंटिंग, स्पिन एंड स्केच, लाइव फेस पेंटिंग और 3डी आर्ट जैसी प्रतियोगिताओं में छात्रों की कल्पनाशीलता और कला कौशल देखने को मिला। व्योम में रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।

## हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में बसंती पूजा की धूम



**भिलाई।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर कालीबाड़ी हाउसिंग बोर्ड में बसंती पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम के दौरान दोपहर करीब 12 बजे भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकारिया पहुंचे। उन्होंने पूजा में शामिल होकर मो का आशीर्वाद लिया और बंगाली समाज के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस आयोजन में भाजपा युवा मोर्चा भिलाई के जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल और महामंत्री विनय सेन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कालीबाड़ी समिति के पदाधिकारी और सदस्य भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इनमें अध्यक्ष काजल चक्रवर्ती, उपाध्यक्ष बबलू माझी, सचिव विद्युत चौधरी, सपन बिस्वास, सिद्धार्थ चक्रवर्ती, प्रदीप बोल, राम घोष, रतन दत्ता और आकाश माझी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। महिला सदस्यों में रीता चौधरी, रिंकू पंडित, झूमा चौधरी, संध्या नदी, कल्पना साहू और पूर्णिमा दत्ता की भी सक्रिय भागीदारी रही। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक समरसता का संदेश भी देखने को मिला।

भये प्रकट कृपाला, दीन दयाला बधाई गीत के साथ मनाएंगे रामनवमी, होंगे विविध आयोजन

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** चैत्र नवरात्र की महाअष्टमी तिथि पर ट्विनसिटी के सभी देवी-मंदिरों और घरों में हवन-पूजन किया गया। देवी मंत्रोच्चार से मंदिर परिसर में गूंजता रहा। अष्टमी को लेकर देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का देवी दर्शन के लिए तांता लगा रहा और दिनभर भक्तों के मंदिरों में पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। कई मंदिरों और स्थानों में गुरुवार को अष्टमी और रामनवमी दोनो मनाई गई।

शहर के देवी मंदिरों में महाअष्टमी के अवसर पर सुपेला चौक हनुमान मंदिर, शीतला माता मंदिर सुपेला, राज राजेश्वरी मंदिर पावर हाउस, बघुआ मंदिर रामनगर, माता शीतला व काली मंदिर संतोषी पारा सहित सभी देवी मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक हवन-पूजन होते रहे। नवरात्र में महाष्टमी का विशेष महत्व है, जिसे देखते हुए मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में सुबह माता की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद हवन-पूजन का आयोजन किया गया।

## महाष्टमी पर मंदिरों में हवन-पूजन के बाद डाली आहुति, भंडारा और कन्या भोज का आयोजन



### आज दोपहर 12 बजे भये प्रकट कृपाला दीन दयाला के गूंजेगें बधाई गीत

मान्यतानुसार प्रभु राम का जन्म चैत्र पक्ष की नवमी तिथि पर दोपहर 12 बजे माना जाता है। नवमी तिथि पर अनेक स्थानों में प्रभु राम का जन्मोंत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस दौरान महिलाएं भये प्रकट कृपाला दीन दयाला गाकर राम स्तुति, भजन और सोहर गीत गाये जायेगे।

### सुपेला घड़ी चौक हनुमान मंदिर में चंडी यज्ञ की दी पूर्णाहुति

भिलाई। सुपेला घड़ी चौक स्थित हनुमान मंदिर में विगत दिनों से चल रहे भव्य चंडी यज्ञ की पूर्णाहुति गुरुवार को विधिवत रूप से सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में आचार्य पंडित अखिलेश धर द्विवेदी एवं आचार्य पंडित ज्ञान प्रकाशधर द्विवेदी के सान्निध्य में किया गया। इस दौरान वीरेंद्र यादव, नित्यानंद पांडे ने पूर्णाहुति हवन, पूजन एवं आरती कर जनसमुदाय के कल्याण, सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



**सिटी इवेंट**

## किसानों को विशेषज्ञों ने दी पशु आहार से जुड़ी जानकारी



**दुर्ग।** कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह के मार्गदर्शन तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के सहयोग से यूरिया मोलासिस मिनरल ब्लॉक एवं संपूर्ण पशु आहार बनाने की तकनीक, पशु आहार प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन ग्राम रामपुर, कबीरधाम में सफलता पूर्वक किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों एवं पशुपालकों को वैज्ञानिक पशु आहार निर्माण, कम लागत में संतुलित आहार तैयार करने की तकनीक तथा उद्यमिता विकास के प्रति जागरूक करना था। मुख्य अतिथि के रूप में रुखमणि सोमलाल कौशिक, सभापति जनपद पंचायत, सहसपुर लोहारा ने पशु आहार निर्माण एवं प्रबंधन को ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए किसानों को नवाचार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया। डॉ. महेन्द्र चंद्रवंशी वैज्ञानिक, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने वैज्ञानिक तकनीकों के उपयोग से कृषि एवं पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाने पर बल दिया। गोपाल नेताम सरपंच रामपुर ने ग्राम स्तर पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की उपयोगिता को रेखांकित किया। डॉ. मनोज कुमार गेंदले निदेशक विस्तार शिक्षा ने कम लागत में संतुलित पशु आहार निर्माण की तकनीकों पर विशेष जोर दिया। डॉ.आशुतोष तिवारी सह-प्राध्यापक एवं डॉ. जितेन्द्र जाखड़ सहायक प्राध्यापक कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद थे। अंत में डॉ. सोनाली पुष्टि ने सभी माननीय अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों, विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

**सिटी इवेंट**

## स्काउटिंग परंपरा अनुसार स्कार्फ पहनाकर किया स्वागत, हुई चर्चा



**भिलाई।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ की राज्य कार्यकारिणी की बैठक रायपुर में संपन्न हुई। बैठक में राज्य मुख्य आयुक्त इंदर सिंह खालसा द्वारा संगठन के विकास, प्रशिक्षण और आगामी गतिविधियों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। इस दौरान स्काउटिंग परंपरा अनुसार सभी पदाधिकारी का स्वागत स्कार्फ पहना कर किया गया और प्रार्थना कर बैठक की शुरुआत की गई। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत खालसा ने कहा कि लगातार स्काउट गाइड को बढ़ाने के लिए सब लोगों ने बहुत काम किया है। छत्तीसगढ़ में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में 12 हजार रोवर रेंजर शामिल हुए। आने वाले समय में इसी प्रकार के बहुत सारे कार्यक्रम कर लगातार स्काउट गाइड के गतिविधियों को बढ़ाएंगे और छत्तीसगढ़ का नाम पूरे विश्व में हो सकेगा। इस दौरान 2026-27 के प्रस्तावित वार्षिक युवा और एडल्ट कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि स्वास्थ्य जागरूकता अभियान प्रारंभ करने, वृक्षों को राखी बांधने की प्रक्रिया को प्रारंभ करने, स्वामी विवेकानंद की जयंती पर संभाग स्तरीय कार्यक्रम करने, सैनिकों के सम्मान में राखी भेजने, कौशल विकास कार्यक्रम जैसे आयोजन किये जायेंगे। प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं विस्तार पर विकास कार्यों की समीक्षा की गई। राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम रोवर-रेंजर समागम को बस्तर या जशपुर में आयोजित करने के लिए रणनीति तय की गई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता संजय बोहरा, विजय केसरवानी, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, रूपेश पाणिग्रही, भाग्यश्री दीवान, अश्विनी, लक्ष्मीकांत सोनी, डॉ. नीता बाजपेई, सीमा साहू, जगदीश साहू, हेमंत देवांगन, सरिता पांडे, अजय राव, भरत मटियारा, तेजिंदर सिंह बग्गा, नीरज जैन, योगेश्वर प्रसाद गांगुली, सरस्वती गिरीया, रामदत्त पटेल, अवधेश विश्वकर्मा, दीपक सिंह, दिलीप पटेल, मितेन गणवीर उपस्थित थे।

**लाइव इवेंट**

## नारी तू नारायणी की थीम पर हुआ वार्षिक अधिवेशन



**भिलाई।** मां नारायणी नेशनल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा वार्षिक अधिवेशन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन लोकांगन वैशाली नगर भिलाई में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक विमल सेन ने बताया कि मां नारायणी नेशनल वेलफेयर ट्रस्ट शिक्षा और महिला शक्तिकरण की दिशा में काम कर रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन, नायब सूबेदार रि. शैताना राम गहलोत जोधपुर, मां नारायणी वेलफेयर नेशनल ट्रस्ट गुजरात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज सेन, केश शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन, छग प्रांत सर्व सेन समाज के प्रांताध्यक्ष पुनीतराम सेन, दुर्ग जिला अध्यक्ष भीखम सेन और बालोद जिला सेन समाज के अध्यक्ष संतोष कौशिक, ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश पंवार, रितेश सेन राष्ट्रीय सहकोषाध्यक्ष छग, ओमप्रकाश सेन राष्ट्रीय महासचिव और संतोष उमरे, राष्ट्रीय सचिव छग उपस्थित थे। इस अवसर पर समाज की प्रतिभाओं का संमृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

■ महिलाओं ने किया अतिथियों का सम्मान

● विद्यापीठ स्कूल में डिजिटल युग में साइबर फ्रॉड से बचाव विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# फेक लिंक, यूपीआई फ्रॉड, फेक कॉल, एसएमएस स्कैम और फिशिंग ईमेल से नागरिकों को ठगा जा रहा, रहें अवेयर

**दुर्ग।** लीनेस क्लब मौली ने 10वीं, 12वीं और कॉलेज के स्टूडेंट्स के लिए एक अनोखा सेमिनार आयोजित किया। कार्यक्रम विद्यापीठ स्कूल मालवीय नगर में आयोजित किया गया। इस दौरान शंकराचार्य तकनीकी महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर स्मिता श्रीवास्तव और बाल कल्याण समिति की सदस्य भावना अग्रवाल ने स्टूडेंट्स को इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बीएड के स्टूडेंट्स की करियर काउंसिलिंग की गई। 10वीं और 12वीं के बच्चों को 18 वर्ष तक के बच्चों के अधिकार, उनके संरक्षण और किसी भी प्रकार की प्रताड़ना और मारपीट की घटना की स्थिति में सही जगह पर शिकायत करने से जुड़ी जानकारी दी गई। भावना अग्रवाल ने बताया कि इस प्रकार की किसी भी घटना और अधिकारों के संरक्षण को लेकर 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर तथा 1930 साइबर क्राइम टोल फ्री नंबर पर शिकायत की जा सकती है। राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल www.cyber-crime.gov.in पर भी जाकर कम्प्लेन दर्ज कराई जा सकती है। लीनेस क्लब की अध्यक्ष मोनाली ने कहा कि डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम और जनसामान्य को ऑनलाइन ठगी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से यह साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान साइबर अपराधों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया, जिनमें ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, ओटीपी ठगी, सुरक्षित पासवर्ड प्रबंधन और सोशल इंजीनियरिंग शामिल थे।








### सोशल मीडिया के जरिए होने वाले साइबर फ्रॉड की दी जानकारी

प्रोफेसर स्मिता श्रीवास्तव ने फेक लिंक और डिजिटल भुगतान से जुड़ी ठगी के तरीकों की गहन जानकारी दी। उन्होंने यूपीआई फ्रॉड, फेक कॉल, एसएमएस स्कैम और फिशिंग ईमेल के जरिए नागरिकों को कैसे ठगा जा रहा, इस बारे में करीब घंटेभर जानकारी दी। उन्होंने साइबर सुरक्षा के तीन एस फॉर्मूले स्टॉप, स्कैन, शेयर वाइजली को अपनाने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे किसी भी संदिग्ध डिजिटल गतिविधि से सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि साइबर जागरूकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। नागरिक को अपने मोबाइल, बैंकिंग ऐप्स और सोशल मीडिया अकाउंट्स की सुरक्षा का ध्यान रखने आवश्यक है।



### संस्था द्वारा लगातार किए जा रहे सामाजिक कार्य

संस्था की अध्यक्ष मोनाली ने बताया कि लीनेस क्लब मौली लगातार समाजिक कार्य कर रही है। महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मानित किया गया। होली मिलन समाहोर का आयोजन किया गया। सभी महिलाओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हुए बधाई दी। आज की महिलाएं घर और बाहर दोनों की जिम्मेदारियां निभा रही हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजन कराए जाने पर जोर दिया। आयोजित कार्यक्रम में विद्यापीठ स्कूल और कॉलेज के डायरेक्टर और पूर्व महापौर शंकर लाल ताम्रकार, प्राचार्य बीके गोंड, मोहिनी महोबिया, क्लब की तरफ से मीना, माया, वंदना, मीता, मंजू, शिवाली, प्रियांशी सहित अन्य मौजूद थे।

### बाल अपराध की चाइल्ड लाइन को दें जानकारी

बाल कल्याण समिति की सदस्य भावना अग्रवाल ने कहा कि आसपास कहीं भी बाल अपराध या प्रताड़ना की बात सामने आती है, तो इसकी जानकारी चाइल्ड लाइन को दें। या जारी किए गए नंबर में शिकायत करें। इस बारे में सीधे बाल कल्याण समिति के समक्ष भी जानकारी दी जा सकती है। यह संस्था सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित की गई है, जो बालकों को उनके अधिकार दिलाने का काम करती है। भावना अग्रवाल ने बताया कि जहां कहीं भी बच्चों की असुरक्षा अन्य शोषण अथवा सामाजिक गतिविधि होते देखे तो तुरंत टोल फ्री नंबर 1098 पर खबर जरूर करें।

**आयोजन...**

## चुनरी यात्रा में दिखी धार्मिक आस्था, श्रद्धा और उत्साह से भक्ति गीतों में लगाए जयकारे



यात्रा का स्वागत

**भिलाई।** नवरात्र के अवसर पर टीम आरंभ द्वारा चुनरी यात्रा निकाली गई। पिछले 2 वर्षों आयोजित होने वाली इस यात्रा में धार्मिक आस्था, श्रद्धा एवं उत्साह का संगम दिखाई दिया। यात्रा की शुरुआत जलकंठेश्वर मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करती हुई ए मार्केट से सी मार्केट पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर यात्रा का स्वागत किया। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों, जयकारों एवं धार्मिक वातावरण ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। विशेष रूप से महिला समिति की सदस्य निर्मला भुसावल, रीना विश्वकर्मा सहित अन्य महिलाओं ने व्यवस्था में सहयोग दिया।आयोजक नागेश्वर यादव ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारा एवं आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद भागचंद जैन, जीवेश उपाध्याय, संजय सिंह, रितेश सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में टीम आरंभ के मानव वर्मा, आयुष चौधरी, अभिषेक कनौजिया, दीपक साहू, रूपा माला सहित अन्य सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**खिचड़ी का भोग किया जाएगा वितरित**

## कालीबाड़ी में बसंती दुर्गा पूजा की धूम, आर्केस्ट्रा से सजी शाम



**दुर्ग।** सिंधिया नगर कालीबाड़ी में चार दिवसीय 'सार्वजनिक बसंती दुर्गा पूजा महाषष्ठी पूजा' के साथ शुरू हुई। इस अवसर पर सुबह साढ़े 8 बजे कल्पारंभ पूजा, 10 बजे पुष्पांजलि और शाम साढ़े 7 बजे आमंत्रण और अधिवास हुआ। सिंधिया नगर के बंगाली समुदाय के लिए, यह पूजा चैत्र नवरात्रि का बंगाली रूप है। पुजारी देबाशीष मिश्रा ने बताया कि यह उत्सव का 18वां वर्ष है। चैत्र या बसंत महीने में पड़ने पर इस पूजा का बसंती दुर्गा पूजा कहा जाता है। मंदिर में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से पुष्पांजलि और शाम को साढ़े 9 बजे भोग बांटा जा रहा है। सिंधिया नगर कालीबाड़ी के अध्यक्ष शीतल दास और महासचिव गौतम सिल, एस आर मांझी, एस के भौमिक, महिला विंग की सदस्य लिपि दास, सुमोना दास, तनुश्री बोस, बूलॉन नायक, रीता रानी रॉय, अनुराधा सहित सभी सदस्य सामाजिक-धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव की व्यवस्था में लगे हुए है। कोषाध्यक्ष प्रशांत सरकार ने बताया कि चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान रोज शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में मेलोडीज़ द्वारा कराओके ऑर्केस्ट्रा, स्वरधि कराओके ग्रुप ने अपनी प्रस्तुति दी है। 27 मार्च को स्थानीय प्रतिभाओं द्वारा नृत्य, संगीत और काव्य पाठ प्रस्तुत किया जाएगा। जिसके बाद शाम को खिचड़ी का भोग का वितरण किया जाएगा।

**नवकार महामंत्र जाप और सामयिक साधना का आयोजन**

## भगवान महावीर के जयकारों और भक्ति गीतों के साथ निकाली गई प्रभात फेरी

**कार्नर न्यूज**



**दुर्ग।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत नवकार महामंत्र जाप और सामयिक साधना का आयोजन जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में किया गया। इस आयोजन में जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। महिला और युवा वर्ग में नवकार महामंत्र और सामायिक के आयोजन को लेकर उत्साह देखा गया। 27 मार्च को प्रातः 6.30 बजे पदमनाभपुर क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। गुरुवार को मालवीय नगर क्षेत्र में भगवान महावीर के जयकारों और भक्ति गीतों के साथ प्रभात फेरी अहिंसा यात्रा निकाली गई। महिलाएं और बालिकाएं जैन ध्वज साथ लेकर प्रभात फेरी की शान बढ़ा रही थी। सुखद संयोग से दीक्षार्थी सुव्रत गोलक्षा के अभिनंदन का अवसर मिला। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति ने दादाबाड़ी उपाश्रय मालवीय नगर में दीक्षार्थी सुव्रत गोलक्षा का अभिनंदन किया। संयमी साधक सुव्रत ने संयमी जीवन के आनंद की व्याख्या करते हुए इसे सुक्ष्मता से समझाया। उनके उनके पिता ने भी आशीष गोलक्षा ने जैन दर्शन की व्याख्या करते हुए उदाहरणों से अपनी बात रखी। 11 मई 2026 को लोनावला में आचार्य भगवंत योगतिलक महाराज के मुखारविंद से दीक्षा दिलाएंगे।



### आयंबिल में क्या खा सकते हैं

आयंबिल में बहुत ही सादा और बिना स्वाद वाला भोजन लिया जाता है। उबला हुआ अनाज जैसे गेहूं, चावल, उबली हुई दाल, सादा रोटी बिना घी और तेल, नमक के, उबली सब्जी बिना मसाले के। केवल पानी और निर्धारित समय में नमक तेल, घी, मक्खन मसाले दूध, दही, शक्कर मिठाई का पूर्णता त्याग रहता है।

### आयंबिल तप की आराधना में श्रावक श्राविकाओं ने लिया हिस्सा

ऋषभदेव परिसर चंडी मंदिर रोड में आज 225 से अधिक साधकों ने आयंबिल तप की आराधना की। दिगम्बर परंपरा इसे नीरस तप के रुप में इस साधना को करते हें। ऋषभदेव परिसर में आयोजित आयंबिल तप को जैन समाज के अनेक वर्ग संप्रदाय के लोगों ने इस साधना को की। आयंबिल तप सिर्फ भोजन का नियम नहीं है, बल्कि यह आत्मा को शुद्ध करने, इच्छाओं को नियंत्रित करने और आध्यात्मिक उन्नति का एक श्रेष्ठ मार्ग है। आयंबिल का अर्थ है रस (स्वाद) का त्याग करके सादा और संयमित भोजन करना। इसमें व्यक्ति दिन में केवल एक बार भोजन (एकासन) करता है और वह भी बिना स्वाद के ताकि मन इंद्रियों के आकर्षण से दूर रहे। इसका मुख्य उद्देश्य मन की शुद्धि आत्मिक साधना कर्मों की निर्जरा कर्मों का क्षय है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रायपुर एवं रायपुर ब्लू पहुंचे फाइनल में, मुकाबला 29 को



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच के चौथे दिन शानदार मुकाबले हुए। आरडीसीए रायपुर में टीम रायपुर ब्लू विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) मैच का परिणाम ड्रॉ रहा। पहली पारी की बढ़त के आधार पर रायपुर ब्लू की टीम फाइनल में पहुंची। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू दूसरी पारी में 152 रन पर आउट हो गई। मोहम्मद फैज खान ने 40, ऋषभ तिवारी ने 30 और सानिध्य हुरकट ने 20 रन बनाए। गेंदबाजी में बीसीए के दिवाकर ताम्रकार ने चार और अमन मिश्रा ने तीन विकेट लिए। दूसरा सेमीफाइनल मैच न्यू ग्राउंड कांकेर में हुआ। जहां टीम रायपुर विरुद्ध प्लेट कंबाइंड के मैच में परिणाम स्वरूप रायपुर ने मैच 7 विकेट से जीता एवं फाइनल में प्रवेश किया। बल्लेबाजी प्लेट कंबाइंड पहली पारी 127 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर पहली पारी में 168 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड दूसरी पारी 183 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में रायपुर ने दूसरी पारी तीन विकेट पर 143 रन बनाए। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में 29 मार्च से खेला जाएगा। फाइनल मैच रायपुर एवं रायपुर ब्लू के मध्य होगा।

### राज्य स्तरीय यूथ एवं जूनियर बॉक्सिंग में शीर्ष रहा बीएसपी बॉक्सिंग क्लब



**भिलाई।** 17वीं राज्य स्तरीय यूथ एवं जूनियर (बालक एवं बालिका) बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन 21 मार्च से 23 मार्च तक भिलाई में किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के बीएसपी बॉक्सिंग क्लब ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यूथ एवं जूनियर दोनों वर्गों में प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। यूथ वर्ग में बीएसपी टीम ने कुल 34 अंकों के साथ चैंपियनशिप अपने नाम की। इस वर्ग में वाई. उमेश ने अपने शानदार प्रदर्शन के आधार पर 'बेस्ट बॉक्सर'का खिताब भी हासिल किया। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में गिरवान सिंह ने 50–55 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वहीं वाई. उमेश ने 55–60 किलोग्राम वर्ग तथा गौतम सिंह ने 60–65 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अतिरिक्त डी. साई किरण ने 70–75 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जित किया, वहीं पुरेंद्र भाई पटेल ने 47–50 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। इसी क्रम में जूनियर वर्ग में भी बीएसपी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 14 अंकों के साथ टीम चैंपियनशिप अपने नाम की। जूनियर वर्ग में शिवदीप राय ने 'बेस्ट बॉक्सर'का खिताब हासिल करते हुए 46–48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। चितेश्वर ने 50–52 किलोग्राम वर्ग तथा नमन कुमार साहू ने 57–60 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जित कर टीम की सफलता को और मजबूत किया। खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के पीछे कोच तीर्थ रजत के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने खिलाड़ियों को उच्च स्तर की प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। बीएसपी प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों एवं कोच को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### एसएमएस, मेडिकल और ब्लास्ट फर्नेस की टीम ने जीते अपने मैच



**भिलाई।** बीएसपी फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित फ्रेंड्स कप अंतर विभागीय प्रो सॉफ्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरुवार को शानदार मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में पहला मैच एसएमएस विरुद्ध राइट्स हुआ। परिणाम में एसएमएस ने चार विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच संतु राव रहे। दूसरा मैच मेडिकल एवं कोक ओवन के मध्य खेला गया। परिणाम में मेडिकल ने 10 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच इशांत रहे। तीसरा मैच ब्लास्ट फर्नेस एवं जीआर-11 के मध्य खेला गया। परिणाम में ब्लास्ट फर्नेस ने 8 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच शिवम गोयल रहे। चौथा मैच मेडिकल एवं यूआरएम के मध्य खेला गया। परिणाम में मेडिकल ने 52 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच इशांत रहे। मैच के अंपायर राधेश्याम, विकास मेहरा, अभय यादव, विवेक सिंह, विनय कुमार सुधाकर एवं संजय स्कॉलर, स्कोरर विनोद देवघरे,अनिल सिंह, भीम मीणा एवं वीरेंद्र, पिच क्यूरेटर आजाद अहमद खान एवं जीवन सिंह रहे।

### गड़बड़ स्लीप पैटर्न के हो सकते हैं दुष्परिणाम


# समय पर नहीं सोते हैं तो आपके पेट के लिए बज गई खतरे की घंटी, होंगी ये बीमारियां

क्या आपको भी अक्सर पेट में समस्या बनी रहती है? कहीं यह आपके गड़बड़ स्लीप पैटर्न के कारण तो नहीं? जी हां, अगर आपके रोजाना सोने जागने का समय ठीक नहीं है तो इसका पाचन स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव हो सकता है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि अनियमित नींद का पैटर्न आपके पेट में हानिकारक बैक्टीरिया को बढ़ावा देने वाला हो सकता है। इस प्रकार के बैक्टीरिया न सिर्फ पाचन स्वास्थ्य को बिगाड़ सकते हैं, साथ ही गुड बैक्टीरिया पर को भी ये कम करने वाले हो सकते हैं। यह पहला ऐसा अध्ययन है जिसमें शरीर की आंतरिक घड़ी यानी सर्केडियन रिदम को पाचन स्वास्थ्य समस्याओं से जोड़कर देखा गया है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि सोने और जागने के समय में 90 मिनट का अंतर भी माइक्रोबायोम को प्रभावित कर सकता है, जिसके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। इससे पहले के अध्ययनों में अनियमित स्लीप साइकिल को सेहत के लिए कई प्रकार की समस्याओं का कारण पाया गया था। इस अध्ययन में पेट की समस्याओं को लेकर लोगों को अलर्ट किया है।




#### नींद की कमी से सेहत पर असर



शोधकर्ता कहते हैं, नींद की कमी संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। यही कारण है कि सभी लोगों को रोजाना रात में 6-8 घंटे की निर्बाध नींद लेने की सलाह दी जाती है। किंग्स कॉलेज लंदन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए इस शोध अनुसार, इस बारे में जागरूकता कम है कि सोने के पैटर्न में छोटी-छोटी विसंगतियों भी शरीर की जैविक लय प्रभावित कर सकती हैं। इस अध्ययन में हमने पाया गया है कि ये पाचन स्वास्थ्य के लिए भी समस्या बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है।

#### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

किंग्स कॉलेज लंदन में प्रोफेसर और शोध के वरिष्ठ लेखक डॉ. वेंडी हॉल कहती हैं, हम जानते हैं कि नींद में व्यवधान, जैसे कि नाइट शिफ्ट में काम करना आपके स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। शोधकर्ताओं का सुझाव है कि आंत में रोगाणुओं की संरचना पाचन से लेकर मेटाबॉलिज्म तक को भी प्रभावित करने वाली हो सकती है। अध्ययन से 934 लोगों के एक समूह का मूल्यांकन किया। उनके रक्त, मल और आंतों के माइक्रोबायोम सैंपल के साथ-साथ नियमित नींद की अवधि का आकलन किया गया।



#### गंभीर रोगों का भी बढ़ जाता है खतरा

अध्ययन के निष्कर्ष में पाया गया कि नींद की कमी आंतों में बैड माइक्रोबायोम को बढ़ाने वाली हो सकती है। अध्ययन में पाया गया कि खराब आहार गुणवत्ता, मोटापे और कार्डियोमेटाबोलिक स्वास्थ्य के कारण दिल का दौरा, स्ट्रोक और मधुमेह का खतरा हो सकता है। आंतों में गुड बैक्टीरिया की कमी के कारण पाचन स्वास्थ्य बिगड़ जाता है जिससे इन बीमारियों के बढ़ने का खतरा हो सकता है।



## फेंगशुई के अनुसार रखें लाफिंग बुद्धा, खुलेगा तरक्की का हर रास्ता

लाफिंग बुद्धा को आप बाजार में कई रूपों में देख सकते है जैसे-हँसता हुआ,बैठा हुआ,दोनों हाथ ऊपर किए या कंधे पर धन की पोटली लिए आदि।आप कौनसे बुद्धा को किस जगह रखें जिससे आपको अपेक्षित लाभ प्राप्त हो सके।

फेंगशुई शास्त्र के अनुसार लाफिंग बुद्धा हमारे घर में रखना शुभ माना जाता हैं। ऐसा माना जाता है कि लाफिंग बुद्धा हमारे घर में रखने से हमारे घर में हमेशा के लिए सुख शांति बनी रहती हैं वहीं घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहता हैं। लाफिंग बुद्धा को घर में रखने से हमें सफलता की प्राप्ति होती हैं व हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत बनती हैं। माना जाता है कि घर में रखा हुआ लाफिंग बुद्धा घर-परिवार पर कोई विपत्ति नहीं आने देता है। लाफिंग बुद्धा को आप बाजार में कई रूपों में देख सकते है जैसे-हँसता हुआ,बैठा हुआ,दोनों हाथ ऊपर किए या कंधे पर धन की पोटली लिए आदि।आप कौनसे बुद्धा को किस जगह रखें जिससे आपको अपेक्षित लाभ प्राप्त हो सके।आप कौनसे बुद्धा को किस जगह रखें जिससे आपको अपेक्षित लाभ प्राप्त हो सके। लाफिंग बुद्धा को घर या दफ्तर में जहां भी रखें इस बात का ध्यान रखें कि उसकी ऊंचाई आपकी आंखों के बराबर तक हो ताकि आते आते आपकी सीधी नजर उस पर पड़े। अधिक ऊंचाई या नीचे जमीन पर इन्हें नहीं रखना चाहिए।



#### पोटली लिए लाफिंग बुद्धा

जो लोग पैसा इकठ्ठा नहीं कर पा रहे हैं उन्हें धन की पोटली लिए हुए लाफिंग बुद्धा की मूर्ति घर में रखनी चाहिए। इससे धन संबंधी कामों में लाभ मिल सकता हैं।लाफिंग बुद्धा को अपने घर में दक्षिण-पूर्व दिशा में रखें तो इस दिशा की सकारात्मक उर्जा बढ़ जाती है जो धन और सुख को अपनी ओर खींचती है। घर में रहने वालों की आमदनी बढ़ती है।

#### दोनों हाथों में कमंडल लिए

यदि आपके कठोर परिश्रम के बाद भी कामों में सफलता नहीं मिल पा रही है तो दोनों हाथों में कमंडल लिए हुए लाफिंग बुद्धा की मूर्ति घर में रखनी चाहिए।आप इसे बच्चों के कमरे में भी रख सकते हैं।

#### हंसते हुए लाफिंग बुद्धा

वास्तु में घर की पूर्व दिशा को परिवार के भाग्य और सुख शांति का स्थान कहा जाता है। आप अपने घर के सदस्यों के बीच आपसी प्रेम और तालमेल बढ़ाना चाहते हैं तो एक लाफिंग बुद्धा पूर्व दिशा में रखें जो अपने दोनों हाथों को उठाकर हंस रहे हों। इसके अलावा घर पर ध्यान लगाए हुए लाफिंग बुद्धा की मूर्ती भी रख सकते हैं, इसके प्रभाव से न केवल आपके जीवन में सुकून और शांति बरकरार रहेगी बल्कि घर का महौल भी काफी अच्छा रहेगा।



## नींबू का ब्लड प्रेशर पर होने वाला असर जानिए, मिलेगा फायदा

ब्लड प्रेशर के खतरे को कम करने के लिए आपने नींबू के सेवन के बारे में सुना होगा, पर क्या वास्तव में इससे ब्लड प्रेशर को कंट्रोल किया जा सकता है? आइए जानते हैं कि इस बारे में अध्ययनों से क्या पता चलता है?

#### नींबू से कम हो सकता है ब्लड प्रेशर का खतरा

शोधकर्ताओं ने अध्ययनों में पाया कि अगर आप ब्लड प्रेशर बढ़ने की स्थिति में नींबू का सेवन करते हैं तो इससे कुछ लोगों में इसे कंट्रोल करने में लाभ मिल सकता है। लेमन ड्रिंक में कई ऐसे खनिजों के अंश होते हैं जो रक्तचाप को कम करने में फायदेमंद हो सकते हैं। कैल्शियम और पोटेशियम दोनों उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों में रक्तचाप को कम करते हैं और ये दोनों नींबू से प्राप्त किए जा सकते हैं। एक अन्य अध्ययन से पता चलता है कि नींबू पानी से सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर काउंट में आसानी से सुधार करने में लाभ पाया जा सकता है। नींबू हमारे शरीर के लिए और भी कई प्रकार से लाभकारी हो सकता है।

#### आपकी त्वचा को रखता है स्वस्थ

नींब को खास बनाती है इसमें मौजूद विटामिन-सी की मात्रा, जिसे एस्कॉर्बिक एसिड के रूप में भी जाना जाता है। आपका शरीर इसे नहीं बना सकता, इसलिए आपको इसे भोजन से प्राप्त करना होगा। यह कोलेजन के निर्माण में मदद करता है, जो आपकी त्वचा को लचीला और स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक है। पर्याप्त मात्रा के इन पोषक तत्वों के बिना त्वचा में झुर्रियां पड़ने लगती हैं। निश्चित रूप से सही विटामिन और पोषण आपके उम्र बढ़ने की



रफ्तार को धीमा कर सकती है।


#### एंटीऑक्सीडेंट रखेंगे कई बीमारियों से दूर

नींबू में विटामिन-सी, फ्लेवोनोइड्स, फेनोलिक एसिड और कूमारिन प्रचुर मात्रा में होते हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने और कैंसर जैसी बीमारियों के जोखिमों को कम करने में भी आपके लिए लाभकारी हैं। फ्री-रेडिकल्स आपकी कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और बीमारियों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं, नींबू का सेवन इस समस्या में आपके लिए फायदेमंद है।

#### मस्तिष्क की सेहत को लाभ

नींबू में विशेष रसायन होते हैं जो मस्तिष्क कोशिकाओं को शरीर के विषाक्त पदार्थों से सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं। ये तत्व सामान्य कोशिकाओं के ब्रेक डाउन करने और इंफ्लामेशन से सुरक्षित रखने में मदद करते हैं। पार्किंसंस रोग और अल्जाइमर जैसे मस्तिष्क रोगों के जोखिमों को कम करने में भी इससे लाभ पाया सकता है। इस तरह के स्वास्थ्य लाभ को देखते हुए नींबू का सेवन करना आपके लिए बहुत फायदेमंद है सकता है।

## घी की खुरचन से झटपट बनाएं स्वादिष्ट पराठे, लोग करेंगे तारीफ



नॉर्थ इंडिया में नाश्ते के रूप में ज्यादातर पराठों के पसंद किया जाता है। आप चाहें तो घी की खुरचन के पराठे बना सकती हैं। घी बनाते वक्त आपने देखा होगा कि उसकी खुरचन बच जाती है। मलाई को धीमी आंच पर चलाते रहो, तो घी बनने लगता है। इसका जो जला हुआ हिस्सा या खुरचन होता है, उसे लोग फेंक देते हैं। हालांकि, इसके भी पराठे बनाए जा सकते हैं।

आपको 3-4 पराठे बनाने के लिए कम से कम 2 कटोरी मलाई को जलाना पड़ेगा। मलाई को तेज आंच पर बिल्कुल न पकाएं। इससे घी भी जलेगा और खुरचन खाने लायक नहीं बनेगी। जब खुरचन अच्छी तरह से भूरी हो जाए और घी भी निकल जाए, तो दोनों चीजों को अलग-अलग छानकर रख लें। इसके बाद खुरचन को अच्छी तरह से ठंडा होने दें। अब एक छोटा प्याज लें और उसे बारीक-बारीक काटकर रख लें। इसी तरह 1/2 छोटा चम्मच अदरक और लहसुन की 2 कलियों को ग्रेट करके रख लें। अगर आपके बच्चे से अदरक-लहसुन पसंद नहीं करते, तो आप इसे हटा सकती हैं।

बारीक कटे हुए प्याज को घी की खुरचन के साथ अच्छी तरह से मिला लें। इसमें बारीक कटी हरी मिर्च, 1 बड़ा चम्मच हरा धनिया और नमक डालकर मिक्स करें और इस मिश्रण को अलग रख दें। अब पराठे के लिए सॉफ्ट आटा गूंथकर उसे 10 मिनट के लिए रख दें। 10 मिनट बाद आटे को 1 मिनट तक और गूंथ लें। तैयार आटे से लोइयां बनाकर अलग-अलग करें।

एक लोई को लेकर एक छोटी कटोरी के आकार जितना बेलें। इसके बाद, इसमें एक चम्मच तैयार घी की खुरचन भरें और किनारों को बंद करके इसे फिर गोल या ट्राएंगल आकार में बेल लें।

कार्नर न्यूज

### कुछ आसान योगासन से सुधर सकती है आपकी सेहत

# बिस्तर पर लेटकर करेंगे योगासन तो मिलेंगे कई फायदे, सेहत भी बनी रहेगी बेहतर

गलत लाइफस्टाइल और खानपान से लोगों की सेहत पर प्रभाव पड़ता है। जिसके कारण लोग कई बीमारियों से ग्रसित होने लगते हैं। इन में मोटापा, थकान, शरीर दर्द और तनाव आदि शारीरिक और मानसिक समस्या शामिल हैं। इस तरह की शारीरिक समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए योगासन लाभकारी होता है। योगासन का नियमित अभ्यास गलत जीवन शैली और पौष्टिक आहार की कमी से होने वाली समस्याओं से राहत दिलाता है। भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल में लोगों के पास योग या व्यायाम करने तक का समय नहीं मिल पाता। लेकिन सेहत को दुरुस्त रखने के लिए कुछ ऐसे योगासन हैं जो रोज सुबह नींद खुलने के बाद आप बेड पर ही कर सकते हैं। सुबह सुबह योगासन का अभ्यास मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। योगासन से शारीरिक समस्याएं कम होने के साथ ही तनाव और चिंता भी कम होती है। जानिए उन पांच योगासनों के बारे में, जिन्हें रोजाना सुबह आसानी से आप बिस्तर पर कर सकते हैं।

**भुजंगासन:** रोजाना भुजंगासन का अभ्यास करने से भुजाएं मजबूत होती हैं। मांसपेशियों में खिंचाव आता है, जिससे बेली फैट कम होता है और रीढ़ में लचीलापन आता है। भुजंगासन का अभ्यास करने के लिए बिस्तर पर पेट के बल सीधा लेटकर दोनों हाथों को कंधे के सामने ले आएं। फिर दोनों हाथों को कंधे पर सामने लाते हुए पूरा शरीर एक सीध में रखें। अब ऊपरी हिस्से को भुजाओं से उठाएं और पैर सीधे रखते हुए कमर से ऊपर का हिस्सा हवा में रखें। कुछ देर इसी अवस्था में रहने के बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।



**बटरफ्लाई पोज:** बद्धकोणासन को बटरफ्लाई पोज कहते हैं, जिसके अभ्यास से हिप्स और जांघों की मांसपेशियों में खिंचाव आता है और चर्बी कम होती है। पैरों में मजबूती और हिप्स शेप के लिए भी यह योगासन फायदेमंद है। इस योगासन को करने के लिए बिस्तर पर सीधा बैठकर दोनों पैरों के घुटनों को अंदर की तरह मोड़ें। अब पैरों के दोनों तलवे आपस में जोड़ते हुए दोनों हाथों से पैरों को पकड़ लें। अब जांघों को हिलाएं। इसी अवस्था में रहने के बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।

**पवनमुक्तासन:** शरीर में लचीलेपन और रीढ़ की हड्डी मजबूत करने के लिए पवनमुक्तासन करें। पवनमुक्तासन से शरीर की थकान दूर होती है। इस आसन को करने के लिए बिस्तर पर लेटकर दोनों पैरों को आपस में मोड़ लें। फिर घुटनों को छाती पर लगाने हुए दोनों हाथों से पैरों को समेटें। इसी अवस्था में रहते हुए लंबी-लंबी सांस लें और छोड़ें।



**विपरीत करणी :** इस आसन को करने से ब्लड सर्कुलेशन सीधा मस्तिष्क तक पहुंचता है और दिमाग तेजी से चलता है। मस्तिष्क तनाव मुक्त होता है और डार्क सर्कल सही होकर त्वचा ग्लो करती है। विपरीत करणी योगासन करने के लिए बिस्तर पर लेटकर पैरों को दीवार से सटाएं। फिर पैर को सीधा रखते हुए शरीर को भी सीधा कर लें। कुछ देर इसी अवस्था में रहें फिर सामान्य हो जाएं।

**अर्ध मत्स्येन्द्रासन:** अर्ध मत्स्येन्द्रासन के अभ्यास से हिप्स और जांघ की मांसपेशियों का फैट कम होता है। ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होने के साथ ही कमर की चर्बी कम होती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'प्युअर्टा रिको' में बैड बनी निभाएंगे लीड रोल, बनाया था ग्रैमी में रिकॉर्ड



हाल ही में सुपर बाउल हाफटाइम शो में अपनी शानदार परफॉर्मेंस से सुर्खियां बटोरने वाले बैड बनी इससे पहले ब्रैड पिट की फिल्म 'बुलेट ट्रेन' और 'कॉट स्टीलिंग' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। लेकिन पहली बार वे किसी फिल्म में वे लीड रोल में नजर आएंगे।

प्योर्टो रिको के ग्लोबल सुपरस्टार बैड बनी अब बड़े पर्दे पर लीड रोल में नजर आने वाले हैं। वे ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म 'प्युअर्टा रिको' में मुख्य भूमिका निभाएंगे। यह उनकी पहली फीचर फिल्म होगी, जिसमें वे बतौर लीड स्टार दिखाई देंगे।

'प्युअर्टा रिको' को मेकर्स ने 'एपिक कैरेबियन वेस्टर्न' बताया है। यह फिल्म प्योर्टो रिको के इतिहास और उसकी जड़ों को सच्ची घटनाओं से प्रेरित कहानी के जरिए दिखाएगी। खास बात यह है कि फिल्म का निर्देशन ग्रैमी विनिंग रैपर रेसिडेंटे करेंगे, जो इस फिल्म से बतौर निर्देशक डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में बैड बनी के साथ एडवर्ड नॉर्टन, जेवियर बार्डेम और विग्गो मोर्टेंसन जैसे दिग्गज कलाकार भी नजर आएंगे। रेसिडेंटे ने बयान में कहा, 'मैं बचपन से अपने देश पर फिल्म बनाना चाहता था। प्योर्टो रिको का असली इतिहास हमेशा विवादों में रहा है। यह फिल्म हमारी पहचान को ईमानदारी और तीव्रता के साथ पेश करेगी।' बैड बनी के लिए यह महीना बेहद खास रहा है। सुपर बाउल में धमाकेदार परफॉर्मेंस के बाद उन्होंने ग्रैमी अवॉर्ड्स में इतिहास रच दिया। उनका एल्बम 'देबि तिरार मॉस फोटोस' एल्बम ऑफ द ईयर जीतने वाला पहला स्पेनिश भाषा का एल्बम बना। अब फैंस को बेसब्री से इंतजार है कि म्यूजिक के बाद बैड बनी एक्टिंग की दुनिया में कितना बड़ा धमाका करते हैं।

### टॉलीवुड

## इलैयाराजा को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका, कॉपीराइट से जुड़े केस को किया ट्रांसफर



अदालत ने सोनी म्यूजिक एंटरटेनमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की उस याचिका को मंजूरी दे दी, मद्रास हाईकोर्ट में दायर मुकदमे को स्थानांतरित करने की मांग की गई थी।

सुनवाई के दौरान सोनी म्यूजिक की तरफ से पेश अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दलील दी कि बॉम्बे हाई कोर्ट में मुकदमा पहले ही दायर कर दिया गया था। इसलिए मद्रास हाई कोर्ट में चल रही बाद की कार्यवाही को स्थानांतरित कर दिया जाना चाहिए, ताकि एक ही विवाद पर दोनों हाई कोर्ट की तरफ से विरोधी फैसला दिए जाने की संभावना से बचा जा सके। इलैयाराजा की तरफ से पेश अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इस दलील का विरोध किया और बॉम्बे हाई कोर्ट के क्षेत्राधिकार पर सवाल उठाया। उन्होंने यह दलील दी कि यह विवाद मद्रास स्थित न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आएंगे। सिब्बल ने आरोप लगाया कि सोनी म्यूजिक की तरफ से शुरू की गई कार्यवाही सही नहीं थी। सुनवाई के दौरान, अदालत ने कहा इलैयाराजा ने बॉम्बे हाई कोर्ट के सामने मुकदमे की शुरुआत के खिलाफ कोई राहत नहीं मांगी। इसके बाद बेंच ने सोनी म्यूजिक की ट्रांसफर याचिका को मंजूरी दे दी। अब इस मामले से जुड़े सभी मुद्दे बॉम्बे हाई कोर्ट के सामने उठाए जा सकेंगे। सोनी म्यूजिक ने 13 जनवरी, 2022 को बॉम्बे हाई कोर्ट में कॉपीराइट उल्लंघन का एक मुकदमा दायर किया था। इसमें संगीतकार को कुछ साउंड रिकॉर्डिंग में कथित कॉपीराइट का उल्लंघन करने से रोकने के लिए मांग की गई थी। इसके बाद, इलैयाराजा ने मद्रास हाई कोर्ट में सोनी म्यूजिक, इको रिकॉर्डिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड और ओरिएंटल रिकॉर्ड्स के खिलाफ इसी तरह का एक मुकदमा दायर किया।

### भोजपुरी

## खेसारी संग आकांक्षा का रोमांटिक डांस, एक्टर से लिपटीं तो हैरान यूजर्स ने किए कमेंट



आकांक्षा पुरी इन दिनों खेसारी लाल यादव के साथ खूब भोजपुरी फिल्में और गाने कर रही हैं। अब उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह खेसारी के साथ शूट के दौरान रोमांटिक होती नजर आ रही हैं। वीडियो देख यूजर्स हैरान हैं और कमेंट्स कर रहे हैं। देखिए वीडियो और पढ़िए यूजर्स क्या बोलेः इन दिनों भोजपुरी में खेसारी लाल यादव और आकांक्षा पुरी की जोड़ी का जलवा देखने को मिल रहा है। दोनों साथ में न सिर्फ फिल्में कर रहे हैं, बल्कि कई गाने भी कर चुके हैं और कर रहे हैं। आकांक्षा पुरी और खेसारी अब जल्द ही एक और गाने में नजर आएंगे, जिसके शूट का वीडियो एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो में आकांक्षा और खेसारी के बीच रोमांटिक एंगल शूट किया जा रहा है। आकांक्षा सीन में खेसारी से लिपटी नजर आ रही हैं। इस पर यूजर्स के काफी कमेंट्स आ रहे हैं। आकांक्षा पुरी ने यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, और फैंस के बीच सुर्खियां बटोर रहा है। एक यूजर ने लिखा है, 'क्या जोड़ी है खेसारी भैया।' एक बोला, 'आकांक्षा भाभी आई लव यू।' एक ने लिखा, 'सुपरस्टार खेसारी लाल यादव जी और आकांक्षा पुरी जी का जोड़ी बवाल मचा रखी है।' एक यूजर ने कमेंट किया, 'आग लगा दी।' एक बोला, 'बहुत ही खतरनाक।' मालूम हो कि आकांक्षा पुरी और खेसारी लाल यादव हाल ही फिल्म 'अग्निपरीक्षा' में नजर आए।




पिछली बार कोविड-19 के दौर में लाउंजवियर और एथलीज़र चर्चा में आए थे। अब, यह आरामदायक लुक एक नए फ़ैशन ट्विस्ट के साथ आया है। इसमें स्पोर्टी स्टाइल, शानदार फ़ैब्रिक और बेहतरीन कारीगरी का मेल है। यह ऐसा आरामदायक पहनावा है जिसे आप रात के खाने पर बाहर जाते समय भी पहन सकते हैं, और बाज़ार में कुछ खरीदने जाते समय भी।

## मंगलसूत्र के कुछ खास डिजाइंस जो बढ़ा देंगे आपके रूप की शोभा

पुराने ट्रेडिशनल लगने वाले मंगलसूत्र के डिजाइंस से अगर आपका मन भी ऊब गया है, तो आपके लिए कुछ ऐसे मंगलसूत्र के डिजाइंस,जो आपका मन मोह लेंगे। आप ऑर्डर पर अपने लिए इन्हें कस्टमाइज कराने के लिए मजबूर हो जाएंगी।

### अमेरिकन डायमंड मंगलसूत्र डिजाइंस

अब काले मोती की लड़ में सोने का लटकटा पेंडेंट वाला मंगलसूत्र आउटडेटेड हो चला है। अब जमान फैंसी लुक वाले मंगलसूत्र का है और सोने के मंगलसूत्र में आपको बहुत सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। मंगलसूत्र में अमेरिकन डायमंड वाला छोटा या बड़ा पेंडेंट भी लगवा सकती हैं। जहां तक बात काले मोती की है, तो अब शगुन के 11 या 21 काले मोती के साथ भी मंगल सूत्र तैयार हो रहे हैं, तो आप भी अपने लिए ऑर्डर पर ऐसा ही मंगलसूत्र बनवा सकती हैं।



### नाम और फोटो वाले मंगलसूत्र डिजाइंस

नाम वाले मंगलसूत्र का फैशन नया नहीं है, मगर इस डिजाइन का क्रेज अभी तक महिलाओं के अंदर है और अब इसमें नया अपडेट यह है कि आपको फोटो फ्रेम के साथ इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे, जिसमें आप अपनी शादी की तस्वीर या फिर पति की फोटो लगवा सकती हैं। यदि दिखने में बहुत अच्छे लगते हैं। इस तरह के मंगलसूत्र में आपको डिजाइन ऑप्शन कम मिलेंगे, मगर आप फॉन्ट को अपनी पसंद के अनुसार चुनकर मंगलसूत्र को थोड़ा नया लुक दे सकती हैं।

### कुंदन मंगलसूत्र डिजाइन

अगर आप हाथ और गले दोनों के लिए मैचिंग मंगलसूत्र डिजाइन तलाश रही हैं, तो आपको गोल्ड एवं आर्टिफीशियल दोनों में ही इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे। यदि सिंपल कुंदन डिजाइन के मंगलसूत्र डिजाइन की तलाश में हैं, तो आपको इसमें छोटे और बड़े दोनों प्रकार के कुंदन में अलग-अलग शेप में मंगलसूत्र के पेंडेंट मिल जाएंगे, आपको केवल उनमें अपनी पसंद की चेन लगवानी होगी। इस तरह के मंगलसूत्र भी डेली वियर होते हैं और कैरी करने में लाइटवेट होते हैं।

## ऑफिस की पार्टी में बिखेरना है जलवा, ऐसे कपड़ों का करें चयन



लोग अपनी असल जिंदगी में कितने भी स्टाइलिश हों, लेकिन जब बात दफ्तर की आती है तो हर कोई अपने दफ्तर में थोड़ा सिंपल लुक कैरी करना ही पसंद करता है। पर, जब भी कभी दफ्तर में पार्टी होती है तो हर कोई उस पार्टी में अपना स्टाइलिश और ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहता है। लड़कों के लिए पार्टी का आउटफिट चयन करने में कोई परेशानी नहीं होती, लेकिन जब बारी लड़कियों की आती है तो उन्हें पार्टी में जाने के लिए काफी सोचना पड़ता है। हर लड़की ऑफिस की पार्टी में जाने से पहले अपने आउटफिट से लेकर मेकअप तक का खास ध्यान रखती है। इसके लिए वो कई दिन पहले से ही तैयारी शुरू कर देती है। अगर आपके दफ्तर में भी पार्टी है और आप कपड़ों को लेकर संशय में हैं तो अपना संशय दूर करें। आप पार्टी में तैयार होने के लिए कुछ अभिनेत्रियों के लुक्स पर नजर डाल सकती हैं। इस अभिनेत्रियों से टिप्स लेकर आप आउटफिट की खरीदारी कर सकती हैं।





**जमसूटः** अगर पार्टी में बॉस लेडी लुक कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह का जमसूट कैरी करें। ये आपको खूबसूरत के साथ स्टाइलिश दिखने में मदद करेगा। इस लुक के साथ आप हिना खान के जैसी ही पोनीटेल भी बना सकती हैं।

**सीक्विन को-ऑर्ड सेटः** रात की पार्टी मे अगर कुछ शिमरी पहनना चाहती हैं तो ऐसे सीक्विन फैब्रिक का ऐसा को-ऑर्ड सेट आप कैरी कर सकती हैं। इसके साथ आप अगर थोड़ा डार्क मेकअप करेंगी तो भी आपका लुक प्यारा दिखेगा। इसके साथ भी हील्स ही कैरी करें, तभी आपका लुक अच्छा दिखेगा।

**बार्बी ड्रेसः** अगर क्यूट दिखना चाहती हैं तो ऐसी बार्बी लुक वाली ड्रेस को आप पार्टी में पहनकर जा सकती हैं। ऐसी ड्रेस के साथ अपने मेकअप को मिनिमल रखें और बालों को खुला रख के उसपर बो क्लिप लगाएं। ये लुक भी पार्टी के लिए परफेक्ट रहेगा।

**शॉर्ट ड्रेसः** अगर ग्लैरमस अंदाज दिखाना चाहती हैं तो इस तरह की शॉर्ट ड्रेस को अपने कलेक्शन में शामिल करें।

## इनके इस्तेमाल से छुड़ाएं नेल पॉलिश

हर लड़की की खूबसूरती में उनके नाखून चार चांद लगाते हैं। नाखूनों की खूबसूरती को और बढ़ाने के लिए बाजार में तमाम रंगों की नेल पॉलिश मिलती हैं। जिसका इस्तेमाल लड़कियां अपने आउटफिट के रंगों से मैच करके करती हैं।

बहुत सी लड़कियां तो हर रोज नेल पॉलिश का इस्तेमाल करती हैं। इसके लिए उन्हें हर रोज नेल पॉलिश छुड़ानी भी पड़ती है। नेल पॉलिश छुड़ाने के लिए नेल पेंट रिमूवर इस्तेमाल किया जाता है, जो बेहद कम दाम में आसानी से उपलब्ध हो जाता है।

लिक्विड के साथ-साथ अब तो नेल रिमूवर वाइप्स भी बाजार में मिलते हैं। सोचिए अगर आपको अर्जेंट कहीं जाना हो और नेल रिमूवर खत्म हो जाए तो आप क्या करेंगी। इसके परेशानी के चलते हम आपको कुछ ऐसी घरेलू चीजों के बारे में बताएंगे, जिनका इस्तेमाल आप नेल रिमूवर की जगह कर सकती हैं। इन चीजों के इस्तेमाल के लिए आपको तुरंत बाजार नहीं जाना पड़ेगा।

**गर्म पानीः** नेल रिमूवर खत्म होने के बावजूद आप सिर्फ गर्म पानी के इस्तेमाल से भी नेल पॉलिश हटा सकती हैं। इसके लिए आपको बस अपने नाखूनों को गर्म पानी में डूबो कर



रखना है। कुछ देर गर्म पानी में नाखूनों को डुबो कर रखने के बाद रुई की मदद से नेल पॉलिश को साफ करें।

**सिरका और नींबूः** हर घर में सिरका और नींबू तो मिल ही जाता है, जिसका इस्तेमाल आप क्लींजर के रूप में कर सकती हैं। इसके लिए बस एक कटोरी में सिरका लेकर उसमें नींबू की कुछ बूंदे मिलाएं और इसमें नाखूनों को डुबो कर रखें। इसके बाद आप रुई की मदद से नेल पेंट को हटा सकती हैं।

**टूथपेस्टः** हर घर में मौजूद टूथपेस्ट दांतों को चमकाने के साथ-साथ नेल पॉलिश हटाने में भी काम आता है। इसके लिए आपको टूथपेस्ट को अपने नाखूनों पर लगाकर रुई की मदद से धीरे-धीरे रगड़ना है। इससे आपके नाखून अच्छे से साफ हो जाएंगे।

## बुखार से डल हो गया है चेहरा तो अपनाएं ये घरेलू तरीके, त्वचा में आएगी चमक

आजकल बदलते मौसम की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कई बार बुखार की वजह से लोगों का हाल काफी बेहाल हो जाता है। बहुत से लोगों के चेहरे पर दवाईयों की वजह से पिंपल्स होने लगे हैं तो कईयों का चेहरा काफी डल हो जाता है।

आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे जानना चाहिए हैं, जिनको अपनाकर आप अपना निखरता हुआ चेहरा वापस पा सकते हैं। इन तरीकों को अपनाने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बस कुछ चीजों के इस्तेमाल से ही आपका चेहरा खिल उठेगा। आइए देर ना करते हुए आपको इन चीजों के बारे में बताते हैं।

**नीमः** अगर दवाईयां खाने की वजह से आपके चेहरे पर ज्यादा पिंपल्स निकल रहे हैं तो नीम आपके लिए रामबाण है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको नीम के



पत्तों को पीसकर उसमें थोड़ी से हल्दी मिलानी है। इस पैक को चेहरे पर कुछ देर लगाने के बाद सादे पानी से चेहरा धो दें। इससे आपको जरूर फायदा मिलेगा।

**टमाटरः** स्किन का ग्लो वापस पाने के लिए आप टमाटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। टमाटर को मैश करके उसमें थोड़ी सी चीनी या फिर शहद मिक्स करें और चेहरे पर लगाएं। इससे आप स्क्रब भी कर सकते हैं।

**तुलसीः** पूजा के साथ-साथ तुलसी का इस्तेमाल आप चेहरे के ग्लो को बरकरार रखने के लिए भी कर सकते हैं। तुलसी के पत्तों को पीस कर आप चेहरे पर लगा सकते हैं।

**चंदनः** अगर आपका चेहरा बुखार की वजह से काफी डल हो गया है तो चंदन को घिसें और पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगा लें। इस पैक को सूखने के बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें।

**शहदः** शहद में कई ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा के लिए बेहद लाभदायक हैं। अगर आप एक चम्मच शहद से अपने चेहरे पर मसाज करेंगे तो आपको जरूर फायदा मिलेगा। इसका नियमित रूप से इस्तेमाल करने पर आपका चेहरा खिल उठेगा।

**एलोवेराः** नियमित रूप से चेहरे पर एलोवेरा का इस्तेमाल करने पर आपके चेहरे को ठंडक मिलेगी। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस एलोवेरा की पत्ती का जेल निकालकर चेहरे पर लगाना है।

कार्नर न्यूज

### इस मौसम में नया लुक देते हैं ओवरसाइज्ड आउटफिट भी

## गर्मियों के दौरान पुरुष अपनाएं ऐसे फैशन टिप्स, मिलेगा कूल और स्टाइलिश लुक

गर्मी के मौसम में शॉर्ट्स और ओवरसाइज्ड टी-शर्ट घर में पहनने के लिए सबसे अच्छे आउटफिट्स में से एक है, लेकिन यह किसी अवसर के हिसाब से सही नहीं है। किसी भी अवसर के लिए आपका ड्रेसिंग सेंस अच्छा होना चाहिए। साथ ही ग्रूमिंग स्टाइल भी मौसम के अनुसार होना चाहिए। आप ये फैशन टिप्स फॉलो करें, ताकि आपको गर्मियों में किसी भी अवसर पर कूल और स्टाइलिश लुक मिल सके।

### कपड़े फिट तो आप हिट

गर्मियों में कई पुरुष ढीले-ढाले कपड़े पहनना पसंद करते हैं, लेकिन इससे आपका फैशन खराब होता है। कपड़े कितने ही महंगे क्यों न हों या फिर कितने ही मनपसंद क्यों न हों, अगर ये आपकी बॉडी पर फिट नहीं बैठ रहे हैं तो लुक के लिए की गई आपकी सारी मेहनत बिल्कुल बेअसर हो जाएगी। इसी कारण जरूरी है कि आप मुलायम फैब्रिक के बॉडी फिट कपड़ों का ही चयन करें।



### सफेद रंग के कपड़े चुनें

एक सफेद शर्ट या टी-शर्ट न केवल जींस या ट्राउजर के साथ अच्छी लगती है, बल्कि यह चिलचिलाती गर्मी में आपके शरीर को ठंडा रखने में भी मदद करती है। अगर आप पसीने के दाग के कारण सफेद पहनने से कतराते हैं तो इसकी जगह हल्के रंग के कपड़े चुनें और जींस की जगह ट्राउजर पहनें क्योंकि यह हल्का और आरामदायक होता है। महिलाओं पर भी ये सफेद रंग के आउटफिट्स खूब जंचते हैं।

### जितना रहेंगे सोबर, उतना लगेंगे बेहतर

कई पुरूषों का माना है कि वे जितने ब्राइट और ज्यादा पैटर्न वाले कपड़े पहनेंगे, वे उतने स्टाइलिश रहेंगे, जो कि उनकी गलतफहमी है। यह लोगों का ध्यान खींचने में तो मदद करता है, लेकिन गलत ढंग से, इसलिए हमेशा सिंपल-सोबर और साफ-सुथरे रहें। इसी के साथ अपनी स्किन का भी अच्छे से ख्याल रखें क्योंकि ऊपरी तौर पर दिखने वाली चीजों के साथ बेसिक सुधारों पर भी ध्यान देना जरूरी है।

### टोपी पहनने में न शर्माएं

गर्मियों के दौरान लोग टोपी पहनना पसंद नहीं करते हैं, लेकिन आप इसे अपनी स्टाइल का हिस्सा बनाने में बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। इसकी मदद से न सिर्फ आपका सिर सूरज की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से सुरक्षित रह सकता है, बल्कि इससे आपको कूल लुक भी मिल सकता है। पुरुषों को इसके साथ प्रयोग करने से नहीं शर्माना चाहिए।

